उज्जैन
रविवार
09
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-277
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 राजा रघुवंशी के दोनों भाइयों को भेजा जेल
7 गॉल टेस्ट के लिए भारत की स्पिन पर खास तैयारी

## ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा का जंग के बाद पहला वीडियो

**तेहरान।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का जंग के बाद पहला वीडियो सामने आया है। इसे ईरान की न्यूज एजेंसी मेहर ने जारी किया है। इसमें मुजतबा जमीन पर बैठे लोगों के बीच नजर आ रहे हैं और उनसे बातचीत करते दिख रहे हैं। सुप्रीम लीडर बनने के बाद यह उनका पहला वीडियो है। हालांकि, वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया था, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। पिछले कुछ दिनों से उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह के दावे किए जा रहे थे। इजराइली चैनल 14 ने सूत्रों के हवाले से कहा था कि उनकी हालत गंभीर है और वे अस्पताल में भर्ती हैं। यहां तक कि जल्दी ही उनकी मौत होने तक की आशंका जताई गई थी। ऐसे में अब यह वीडियो सामने आने के बाद इन दावों पर सवाल खड़े हो गए हैं, लेकिन उनकी मौजूदा हालत को लेकर तस्वीर अब भी पूरी तरह साफ नहीं है।

## एच-1बी वीजा वालों की नौकरी गई तो अमेरिका छोड़ना पड़ेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम कर रहे विदेशी कर्मचारियों की मुश्किल बढ़ सकती है। अमेरिकी सरकार नौकरी जाने के बाद नई नौकरी तलाशने के लिए मिलने वाली 60 दिन की मोहलत खत्म करने पर विचार कर रही है। अगर यह बदलाव लागू होता है तो नौकरी जाने के बाद अमेरिका में रुकना मुश्किल हो सकता है। यह प्रस्ताव फिलहाल व्हाइट हाउस के ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट को भेजा गया है। अभी यह नियम नहीं बना है। दिए गए आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम कर रहे करीब 5 लाख भारतीयों पर इसका असर पड़ सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसी साल मई में यह मामला अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के सामने उठाया था।

## तमिलनाडु के 21 सांसदों ने परिसीमन का विरोध किया

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने राज्य के सांसदों की बैठक बुलाई। इसमें केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन पर चर्चा हुई, लेकिन डीएमके और एआईएडीएमके शामिल नहीं हुए। बैठक में कांग्रेस, वीसीके, सीपीआई, सीपीआई (एम) एमडीएमके और आईयूएमएल के करीब 21 सांसद शामिल हुए। एएनआई के मुताबिक, सभी ने सहमति जताई कि भविष्य में परिसीमन की किसी भी व्यवस्था के तहत तमिलनाडु का संसदीय प्रतिनिधित्व कम नहीं होना चाहिए। वहीं, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने भी आज परिसीमन और महिला आरक्षण बिल के समर्थन की घोषणा की। बैठक के बाद कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि इस मुद्दे को पार्टी राजनीति से ऊपर उठकर देखना चाहिए।

## अतीक की कब्र के बगल में बेटा दफन, तीनों भाइयों ने कंधा दिया

**प्रयागराज।** अतीक अहमद के 21 साल के बेटे अबान को प्रयागराज में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है। शनिवार शाम 7 बजे उसे पिता अतीक की कब्र के बगल में दफनाया गया। तीनों भाइयों अली, उमर और अहजम ने अबान को कंधा दिया। जनाजे में शामिल होने के लिए 5-6 हजार लोग पहुंचे। सुरक्षा के लिए कब्रिस्तान के आसपास 1,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहे। अबान का शव लेकर उसका भाई अहजम रोते हुए कब्रिस्तान पहुंचा। भीड़ भी उसके पीछे अंदर घुसने लगी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो भीड़ बेकाबू हो गई और बैरिकेडिंग तोड़ दी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी ने 2-3 लोगों को बंदूक की बट मारी। इसके बाद भी कुछ युवक अंदर जाने पर अड़े रहे, तो पुलिसवालों ने थप्पड़ मारकर उन्हें हटाया। भीड़ तितर-बितर हुई तो पुलिसवालों ने खदेड़ दिया।

## जालंधर में 140 की स्पीड में कैंटर से भिड़ी कार, 3 युवकों की मौत

**जालंधर।** जालंधर में शनिवार सुबह करीब 6 बजे 140 की स्पीड में जा रही कार सड़क पर खड़े कैंटर से जा भिड़ी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दो की लाश कार के अंदर फ्रंट सीट पर, तो एक की लाश रोड पर जा गिरी। हादसा इतना खतरनाक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार की छत टूटकर अलग हो गई, नंबर प्लेट भी दूर जा गिरी। एयर बैग भी खुल गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसी लाशों को बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। हादसा मकसूदां में बल अस्पताल के पास हुआ।

## पंजाब पुलिस में अब डायरेक्ट एसआई की भर्ती नहीं होगी

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस में सीधे सब-इंस्पेक्टर बनने की तैयारी कर बैठे युवा अब सीधे एसआई नहीं बन पाएंगे। क्योंकि सरकार अब एसआई नहीं, बल्कि असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर के पदों पर सीधी भर्ती करेगी। इस संबंधी सरकार ने पंजाब पुलिस रूल्स, 1934 में संशोधन किया है। इसके बाद पंजाब पुलिस (द्वितीय संशोधन) नियम, 2026 को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जो कि भविष्य में होने वाली भर्तियों में लागू होगा। हालांकि, पहले एसआई के 50% तक पद सीधे भर्ती से भरे जाते थे। चंडीगढ़ में सीधे एएसआई की भर्ती होती है। जबकि, अन्य किसी पड़ोसी जिले में यह नियम नहीं है।

### केरल लोक सेवा आयोग की रैंक सूची में शामिल अभ्यर्थी पिछले 34 दिनों से कर रहे आंदोलन

# नियुक्ति का इंतजार कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों ने खाई घास

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिरुवनंतपुरम**

केरल में निम्न प्राथमिक विद्यालय शिक्षक पद के लिए चयनित रैंक धारकों का नियुक्ति में देरी के खिलाफ चल रहा आंदोलन शनिवार को उस समय चर्चा में आ गया, जब प्रदर्शनकारियों ने राज्य सचिवालय के बाहर घास खाकर विरोध जताया। केरल लोक सेवा आयोग की रैंक सूची में शामिल अभ्यर्थी पिछले 34 दिनों से नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराज अभ्यर्थियों ने विरोध के इस अनोखे तरीके के जरिए अपना आक्रोश जताया।

शनिवार को सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी कतार में बैठे दिखाई दिए। उनके सामने कागज पर घास



रखी हुई थी और प्रदर्शनकारियों ने घास की तिनकियां खाकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे सभी लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफल होकर रैंक सूची में स्थान हासिल कर चुके हैं, इसके बावजूद उन्हें नियुक्ति आदेश के लिए लंबे समय से इंतजार करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि सरकार उनकी मांग पर गंभीरता से विचार नहीं कर रही है।

### योग्य होने के बावजूद नौकरी की प्रतीक्षा में

प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों के अनुसार उनका आंदोलन अब 34 दिन से जारी है। इस दौरान उन्होंने सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाए, लेकिन अभी तक नियुक्ति को लेकर कोई स्पष्ट निर्णय सामने नहीं आया है। शनिवार को घास खाने का विरोध भी इसी नाराजगी का प्रतीक था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे योग्य होने के बावजूद नौकरी की प्रतीक्षा में हैं और सरकार की ओर से उन्हें केवल आश्वासन मिल रहा है। प्रदर्शन में शामिल एक अभ्यर्थी ने समाचार एजेंसी को बताया कि वे निम्न प्राथमिक विद्यालय शिक्षक पद के रैंक धारक हैं और 34 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से अब तक कोई अच्छी खबर नहीं मिली है। प्रदर्शनकारी के अनुसार सरकार ने नियुक्ति आदेश जारी करने के लिए दो महीने का समय मांगा है। उन्होंने सवाल उठाया कि नियुक्ति आदेश जारी करने के लिए सरकार को दो महीने का समय क्यों चाहिए।

### आंदोलन करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं

अभ्यर्थी ने कहा कि वे अपनी मांग को लेकर अलग-अलग तरह से विरोध कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। उनका आरोप है कि सरकार उनके आंदोलन की अनदेखी कर रही है और उनसे दूरी बनाए हुए है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से नियुक्ति की उम्मीद लगाए बैठे हैं और लगातार आंदोलन करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। केरल लोक सेवा आयोग की संबंधित रैंक सूची पिछले वर्ष 31 मई को प्रकाशित की गई थी। रैंक सूची में शामिल अभ्यर्थियों का कहना है कि चयन प्रक्रिया में सफलता हासिल करने के बाद उन्हें नियुक्ति की उम्मीद थी, लेकिन नियुक्ति आदेश जारी होने में लगातार हो रही देरी के कारण उनकी चिंता बढ़ती जा रही है। कई अभ्यर्थियों के लिए यह मामला रोजगार और भविष्य से सीधे जुड़ा हुआ है।

### भगवान श्री महाकालेश्वर की कल निकलेगी दूसरी सवारी

# सवारी के लिए मादा हथनी सूमा का हुआ वाक टेस्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भगवान श्री महाकालेश्वर की सोमवार को श्रावण मास की दुसरी सवारी निकलेगी। इस सवारी में हाथी पर मनमहेश सवार होकर निकलेंगे। रजत पालकी में चंद्रमौलेश्वर होंगे। वन्यजीव विशेषज्ञों द्वारा मादा हथनी श्यामू को पांव की परेशानी के चलते अनफिट करार दिए जाने के बाद सवारी में नए हाथी के शामिल होने को बरकरार संशय पर से लगभग बादल छट चूके हैं। महेश दास निमोर्ही के मालिकाना हक की हथिनी सूमा का वन विभाग ने सवारी के लिए वाक टेस्ट एवं चिकित्सकीय जांच करवाई है। उसका सवारी में भाग लेना करीब तय है।

भगवान की सवारी के लिए मंदिर समिति ने वन विभाग को दो सप्ताह पूर्व पत्र लिखा था। इस पर वन विभाग ने शहर में मौजूद श्यामू को छोड़कर



4 अन्य हथनियों को लेकर विचार किया था। हाल ही में विजय लक्ष्मी नामक हथनी ने इंदौर में एक घटना कर दी थी इससे विभागीय अधिकारियों ने कम उम्र की बजाय ज्यादा उम्र की फीट हथनी को इसके लिए प्राथमिकता देते हुए सूमा का टेस्ट किया है। शुक्रवार को 65 साल की एशियन मादा हाथी सूमा को सवारी मार्ग पर चलाकर देखा गया है। बकौल पशु चिकित्सक मुकेश जैन उसे चलाकर देखने और क्लिनिकली जांच की गई है। उसमें उसके आंख, कान, खूर की जांच एवं आदेश पालन की स्थितियों को जांचा गया है। इसके साथ ही भीड भरे क्षेत्र में चलाया गया है। कम उम्र का हाथी शैतानी कर सकता है अधिक उम्र की स्थिति में उसमें गंभीरता रहती है।

सूमा के टेस्ट में वह पूरी तरह से सक्रिय एवं फजिकली फीट है। वन विभाग के प्रभारी रेंजर मदन मौरे के अनुसार अधिकारियों के निर्देश पर खाक चौक राम मंदिर निवासी महेश दास निमोर्ही के नाम से दर्ज सूमा मादा हाथी का वाक टेस्ट लिया गया है। रामघाट, हरसिद्धी, महाकाल क्षेत्र में उसे भीड़ भरे बाजार में चलाया गया। सूमा पूरी तरह से फीट एवं महावत के आदेश पालन की स्थिति में रही है। उसके सवारी में शामिल होने की अंतिम स्थिति विभागीय अधिकारियों के आदेशानुसार ही रहेगी।

- 67 वर्ष की मादा एशियन हाथी का कलर काला, आंखों का रंग हनी, ऊंचाई 240 सेंटी मीटर, वजन लगभग 40 क्विंटल, गले की गोलाई 230 सेमी, छाती का आकार 370 सेमी, शरीर का आकार 315 सेमी, पूंछ की लंबाई 141 सेमी, नाखूनों की संख्या 18 है।
- श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी आशीष फलवाडिया के अनुसार सवारी में हाथी शामिल करने के लिए वन विभाग को पत्र दिया जाता है। सवारी में शामिल होने वाले हाथी को प्रति सवारी 5 किलो घी, एक सोयाबीन तेल का डिब्बा, 5 किलो गुड, 10 साबून की बट्टी, रूपए 5100 नकद दिए जाते हैं। इसके साथ ही गले में पीतल की घंटी प्रति सवारी मंदिर से ही बांधी जाती है जो बाद में सवारी के वापसी के दौरान निकाल ली जाती है।

# जेन-जी को भटकाने की कोशिश हुई : प्रधान

### मेरे लिए पद जरूरी नहीं था, पीएम मोदी से चर्चा के बाद इस्तीफा दिया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश के पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार अपने इस्तीफे पर बयान दिया। उन्होंने कहा, जेन-जी हमारे ही बच्चे हैं। कुछ लोगों ने उन्हें भटकाने की कोशिश की। मैंने पीएम मोदी से बातचीत करने के बाद ही पद छोड़ा। उन्होंने कहा, 'जेन-जी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश के युवाओं के संकल्प और आकांक्षाओं के सामने शिक्षा मंत्री की जिम्मेदारियां बहुत छोटी हैं। इसलिए मेरे लिए पद जरूरी नहीं था।

प्रधान ने ये बात शनिवार को भुवनेश्वर की जीएम यूनिवर्सिटी में कही। यहां उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान बीजू जनता दल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। नीट पेपर लीक पर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के 35 दिन बाद प्रधान ने 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था।

### प्रधान ने नारेबाजी पर कहा- मैं किसान का बेटा हूं

- प्रधान ने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैं बीजेडी कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन और उनकी नारेबाजी से परेशान नहीं हूं। मैं किसान का बेटा हूं। आप मुझे वापस जाने के लिए कहेंगे, तब भी मैं वापस आऊंगा।
- मैंने ओडिशा के 4.5 करोड़ लोगों का सिर कभी शर्म से नहीं झुकने दिया। जब तक मैं जिंदा हूं, तब तक मुझ पर जताए गए भरोसे को नहीं तोड़ूंगा और ऐसा कोई काम नहीं करूंगा, जिससे ओडिशा के गौरव और स्वाभिमान को ठेस पहुंचे।
- 'जेन जी की जिद के कारण मुझे परेशानी नहीं हुई। नई पीढी का विरोध करने के बजाय उसे समझना जरूरी है।' भारत में हर साल कम से कम दो करोड़ बच्चे जन्म लेते हैं। पिछले 10 सालों में 20 करोड़ बच्चे पैदा हुए हैं। उनके सपने हैं। वे भारत को विश्व गुरु बनाएंगे। मेरे लिए पद जरूरी नहीं था।

# झारखंड- छात्रों के समर्थन में उपवास पर बैठे एमएलए जयराम

### अनशन कर रहे देवेंद्र की तबीयत बिगड़ी, सरकार के साथ आज तीसरी बैठक, कल विधानसभा घेराव

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची**

झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में धांधली को लेकर छात्रों का आंदोलन आज 16वें दिन भी जारी है। सरकार और छात्रों के बीच आज दोपहर 12 बजे तीसरे राउंड की बातचीत होगी। अब तक हुई शुक्रवार और शनिवार की दो राउंड की बातचीत बेनतीजा रही है।

इस बीच पिछले 8 दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की तबीयत रविवार सुबह 3 बजे बिगड़ गई। डॉक्टरों की देखरेख में स्लाइन के जरिए उनका इलाज किया रहा है।

जेएलकेएम सुप्रीमो और डुमरी विधायक जयराम महतो भी छात्रों के आंदोलन और उनके मांगों के समर्थन में रविवार को पुराने विधानसभा परिसर में एक दिवसीय निर्जला उपवास पर बैठे हैं। उन्होंने सरकार से छात्रों की मांगों पर जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

### छात्रों ने फ्लैश लाइट मार्च निकाला

इससे पहले शनिवार देर शाम रांची में छात्रों ने फ्लैश लाइट मार्च निकाला। छात्रों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मार्च शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस पर जयपाल सिंह मुंडा स्टटेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। जेपीएससी-जेएसएससी रद्द करने की मांग को लेकर 6 छात्र अनशन पर हैं। शनिवार सुबह एबीवीपी कार्यकर्ता सीएम आवास का घेराव करने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। छात्रों ने 10 अगस्त को विधानसभा घेरने का ऐलान किया है। इधर, जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील सत्यम सिंह के मुताबिक, यह याचिका राजनीतिक नेता हरिशरण देवगन ने दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में चार मांगें पूरी करने की अपील की है। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि हम छात्रों के विभिन्न समूहों, स्टेकहोल्डर से मिलेंगे। तमाम सुझावों के बाद फैसला लिया जाएगा। एक्टर पीयूष मिश्रा शनिवार को रांची में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को अपना समर्थन दिया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा- मैंने कुछ छात्रों के इंटरव्यू देखे और उनकी आंखों में दर्द महसूस किया। मैंने उनकी मुश्किलें और उनके आंसू देखे।

# रील 21वीं सदी का नशा है: राहुल

### मजदूरी करो, लेकिन नौकरी नहीं मिल सकती
### हजार में से सिर्फ 12 युवाओं को परमानेंट नौकरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्रयागराज**

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रयागराज में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में 47 मिनट बात की। उन्होंने कहा, 'सिस्टम ने युवाओं को चक्रव्यूह में फंसा दिया है। इनसे कहा जाता है कि आपको जितनी रील बनाना है, बनाओ। मजदूरी करो। 21वीं सदी का नशा लो, लेकिन नौकरी नहीं मिल सकती है।' उन्होंने कहा, परिवारों से लाखों करोड़ रुपए लिए जाते हैं और बदले में बीए-एमए की डिग्री मिलती है, लेकिन यह सर्टिफिकेट रोजगार की गारंटी नहीं देता। आज हजार में से सिर्फ 12 युवाओं को परमानेंट नौकरी मिल रही है। राहुल ने इस दौरान मंच पर 7 से ज्यादा छात्र-छात्राओं से बात की। उनसे शिक्षा, रोजगार से जुड़े सवाल किए। उनके साथ प्रियंका गांधी की बेटी मिराया भी मौजूद थीं। इस कार्यक्रम में यूपी के 23 जिलों से छात्रों को बुलाया गया था।

### देश में बारिश का कहर

# असम की बाढ़ में 99 मौतें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश के कई हिस्सों में शनिवार को बारिश का प्रकोप कुछ कम हुआ। हालांकि, इसके बाद भी तबाही का मंजर जारी रहा। असम में मरने वालों की संख्या 98 हो गई है। हिमाचल प्रदेश में 153 सड़कें बंद होने से आवागमन ठप हो गया। केरल में सैकड़ों लोग घरों और सड़कों को हुए नुकसान के कारण राहत शिविरों में रुके हुए हैं।

असम में 1.55 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, जहां मरने वालों की संख्या 98 हो गई है। 13 जिले अभी भी प्रभावित हैं और सरकार रविवार से चार सबसे ज्यादा प्रभावित पूर्वी जिलों में स्थायी पुनर्वास के लिए नुकसान का आकलन शुरू करेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को अगस्त का सबसे नम दिन दर्ज हुआ, जो पिछले दो साल में सबसे अधिक था। शनिवार सुबह 8.30 बजे तक 98.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई, जो अगस्त 2024 के बाद सबसे अधिक थी। लगातार बारिश से दिल्ली के कई हिस्सों में यातायात बाधित हुआ, जिसमें कालिंदी कुंज सीमा, आईटीओ और महरौली-बदरपुर रोड पर भारी जाम लगा। आईएमडी ने अगले दो दिनों तक दिल्ली के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है।



**हिमाचल में 153 सड़कें बंद**

### रिकॉर्डतोड़ बारिश: दिल्ली में आठ दिनों में ही अगस्त के औसत से अधिक

दिल्ली में अगस्त महीने की औसत मासिक बारिश का रिकॉर्ड पहले आठ दिनों में ही टूट गया है। सफदरजंग वेधशाला ने अब तक कुल 230.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में अगस्त की औसत कुल बारिश 226.8 मिलीमीटर है। सफदरजंग में 24 घंटे में 98.7 मिलीमीटर बारिश हुई। इससे पहले 1 अगस्त, 2024 को 107.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। दिल्ली में लगातार चौथे दिन बारिश हुई है। अन्य मौसम केंद्रों में पालम में 104.6 मिलीमीटर और आयानगर में 115 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## बीएसएफ की फायरिंग में संदिग्ध घुसपैठिया ढेर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अमृतसर**

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अमृतसर के दाउके गांव में शनिवार को बीएसएफ ने एक संदिग्ध घुसपैठिए को गोली मारकर ढेर कर दिया। यह कार्रवाई थाना घरिंडा के अधीन कंटीली तार के पास की गई। बताया जा रहा है कि बीएसएफ के जवान इलाके में नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जवानों को कंटीली तार के पास झाड़ियों में कुछ हलचल दिखाई दी। मृतक के पास से तंबाकू का पैकेट मिला है।

जवानों ने तुरंत सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध व्यक्ति को झाड़ियों से बाहर आने के लिए कहा। कुछ देर बाद वह व्यक्ति बाहर आया और कंटीली तार को पार करने की कोशिश करने लगा। बीएसएफ जवानों ने उसे रुकने की चेतावनी दी और आगे न बढ़ने को कहा। स्थिति को देखते हुए बीएसएफ जवानों ने कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। गोली लगने से घुसपैठिए की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद इसकी जानकारी थाना घरिंडा पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।



## खबर एक नजर...

### आज मनेगा युवा कांग्रेस का 66वां स्थापना दिवस

**उज्जैन।** भारतीय युवा कांग्रेस का 66वां स्थापना दिवस आज 9 अगस्त को सुबह 10:30 बजे शहर कांग्रेस कार्यालय में मनाया जाएगा। इस समारोह में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोहर बैरागी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव ने बताया कि जिलाध्यक्ष व तराना विधायक महेश परमार की अध्यक्षता में होने वाले इस आयोजन में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, विधायक दिनेश जैन और कांग्रेस के सभी ब्लॉक अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई सहित पार्टी के सभी विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों और कार्यकारिणी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने कांग्रेस परिवार के सभी साथियों और कार्यकताओं से तय समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### एलईडी पर हुआ राहुल गांधी के छात्र संवाद का सीधा प्रसारण

**उज्जैन।** भारतीय युवा कांग्रेस के देशव्यापी 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत शनिवार शाम महानंदा नगर में राहुल गांधी के छात्र संवाद का सीधा प्रसारण किया गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में छात्रों के साथ हुए राहुल गांधी के इस संवाद को उज्जैन में विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से छात्रों और आम जनता को दिखाया गया। यह आयोजन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर 20 अगस्त को निकलेगी विशाल सद्भावना रैली

**उज्जैन।** जन जागरण समिति द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्मदिवस 20 अगस्त के अवसर पर शहर में विशाल सद्भावना रैली का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए इंडियन कॉफी हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक देवव्रत यादव ने बताया कि 20 अगस्त को सुबह 10 बजे शहीद पार्क से सद्भावना रैली प्रारंभ होगी। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए क्षीरसागर स्थित कुश्ती एरीना पर पहुंचकर संपन्न होगी।

### अस्पताल की बदहाली पर भड़की युवा कांग्रेस, स्वास्थ्य अधिकारी को बर्खास्त करने की मांग

**उज्जैन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया में व्याप्त अव्यवस्थाओं और लचर सेवाओं के विरोध में युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली पर आक्रोश जताते हुए स्वास्थ्य अधिकारी और लापरवाह कर्मचारियों को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की गई है। शेरसिंह चौहान ने बताया कि यह क्षेत्र मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृह जिले और विधायक सतीश मालवीय के क्षेत्र में आता है। लगभग 50 गांवों से जुड़े इस स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। 7 अगस्त की रात को जब एक मरीज इमरजेंसी में आया, तो वहां कोई डॉक्टर या स्टाफ मौजूद नहीं था। मरीजों को प्राथमिक उपचार के लिए भी घंटों इंतजार करना पड़ता है, जो सीधे तौर पर जनता की जान से खिलवाड़ है।

### बुजुर्गों की उपेक्षा पर केंद्रित सिंधी नाटक 'वापसी' का मंचन आज

**उज्जैन।** सिंधी भाषा के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से सिंधु प्रवाह अकादमी द्वारा आज 9 अगस्त शाम 7:30 बजे कालिदास अकादमी के पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल में सिंधी नाटक 'वापसी' का मंचन किया जाएगा। यह नाटक सुप्रसिद्ध कहानीकार ऊषा प्रियंवदा की कहानी पर आधारित है। अकादमी के सचिव लोकेश भागचंदानी ने बताया कि वरिष्ठ नाट्य निर्देशक कुमार किशन द्वारा सिंधी भाषा में लिखित व निर्देशित 'वापसी' एक सामाजिक नाटक है। यह मुख्य रूप से परिवार में बुजुर्गों की महत्ता और दिन-प्रतिदिन बढ़ती उनकी उपेक्षा पर केंद्रित है। इस प्रस्तुति को मंच और नेपथ्य के लगभग 15 कलाकारों ने दो महीने के कड़े अभ्यास से तैयार किया है। आयोजन को लेकर अकादमी के पदाधिकारी रूप पमनानी, डॉ. शिव चौरसिया, चिमनदास लखाणी, डॉ. पल्लवी किशन, डॉ. सुनील खत्री, पुष्पा कोटवानी, राजकुमार परसवानी, लोकेश भागचंदानी और डॉ. मीना वाधवानी ने शहर के सभी कला व रंगकर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

### बैठक में आगामी कार्यक्रमों की बनी रणनीति

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के लोकशक्ति कार्यालय में शुक्रवार को शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में 'हर घर तिरंगा' अभियान, मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा, रक्षाबंधन के अवसर पर वार्ड स्तर के कार्यक्रमों सहित विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय की काउंसलिंग में रिक्त 57 सीट भरी

### अजजा वर्ग का एक भी दावा नहीं आया

### 11 एवं 14 अगस्त को दुसरे एवं तीसरे दौर की काउंसलिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, उज्जैन में शुक्रवार को हुई कालेज लेबल की काउंसलिंग में कालेज की विभिन्न अभियांत्रिकी शाखा की 57 रिक्त सीटों के विरूद्ध? 123 उम्मीदवारों ने भागीदारी की है ।खास बात यह रही की इन 57 रिक्त सीटों में आरक्षित स्थिति में अजजा वर्ग से एक भी उम्मीदवारी नहीं हुई। सभी कोटे में नियमानुसार लडकों की सीट पर लडकी को स्थान दिया गया,लेकिन लडकी की सीट पर लडकों को स्थान की पात्रता नहीं होने से नहीं दी जा सकी है।

काउंसलिंग प्रभारी एवं शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय उज्जैन के भौतिक विभागध्यक्ष प्रो.राकेश कुमार राय के अनुसार शुक्रवार को कालेज की विभिन्न यांत्रिकी शाखाओं के रिक्त 57सीटों के विरूद्ध यह काउंसलिंग की गई थी। दोपहर 1 बजे तक इसमें फार्म लिए गए थे। उसके उपरांत प्रक्रियाओं के तहत सबसे पहले सैनिक कोटा की सीट भरी गई। उसके बाद अजजा में एक भी आवेदन नहीं आया। इसके साथ अजा एवं ईडब्यू सहित अन्य कोटा धारी को स्थान दिया गया। इसमें कई श्रेणियों में पैरेलल ईडब्ल्यूएस को लिया गया। अन्य पिछडा वर्ग और सामान्य को भी पैरेलल स्थितियों में ईडब्ल्यूएस में लिया गया। कुल 123 आवेदक इसमें शामिल हुए । देर रात तक काउंसलिंग की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया है। कालेज लेबल की काउंसलिंग एक साथ सभी कालेजों में आयोजित होती है। प्रो. राय के अनुसार शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में रिक्त 57 सीटों पर वैसे तो काउंसलिंग में सीटें आवंटित की जा चुकी हैं लेकिन कोई आवेदक अगर छोडकर जाता है तो इस स्थिति में रिक्त सीट पर 11 अगस्त को दुसरे दौर एवं उसके बाद भी अगर कोई आवेदक सीट छोडता है तो तीसरे दौर की काउंसलिंग 14 अगस्त को आयोजित होना है।

### चक्रतीर्थ पर आकार ले रहा 45 फीट ऊंचा सुदर्शन चक्र

**उज्जैन।** चक्रतीर्थ पर नगर निगम द्वारा करीब 70 लाख रुपए की लागत से 45 फीट ऊंचे सुदर्शन चक्र का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद यह चक्रतीर्थ का प्रमुख आकर्षण बनेगा। वर्तमान में सुदर्शन चक्र का निर्माण कार्य जारी है और इसे निर्धारित समयावधि में पूरा करने की तैयारी की जा रही है। शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने चक्रतीर्थ पहुंचकर सुदर्शन चक्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि तय समय सीमा में काम पूरा किया जा सके।

**प्री-नेशनल निशानेबाजी चैंपियनशिप में उज्जैन के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन**

# गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल पर जमाया कब्जा, खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भोपाल में 4 से 7 अगस्त तक आयोजित 13वीं प्री-नेशनल स्तर की 12 बोर शॉटगन निशानेबाजी चैंपियनशिप में उज्जैन जिले के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए तथा राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। उज्जैन जिले के इन निशानेबाजों ने वीर राइफल शूटिंग सोसाइटी, इंदौर से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

प्रतियोगिता में सीनियर मेन कैटेगरी में इंद्रविक्रम सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। जाहिद अली बंदूकवाला ने मास्टर केटेगरी में उत्कर्ष प्रदर्शन किया एवं वीरहंस शर्मा ने यूथ कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी वर्ग में रुद्रप्रताप सिंह राठौर, एडवोकेट हरपाल सिंह (नागझिरी) तथा कीर्तिराज सिंह चौहान (पिपलिया हामा) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया और अपने स्थान सुनिश्चित किए।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उनके गुरु एवं प्रशिक्षक सतीश शर्मा तथा गुरु हनुमंत सिंह लालगढ़ ने सभी निशानेबाजों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए और अधिक कड़ा अभ्यास करने की सलाह दी।उज्जैन के निशानेबाजों की इस सफलता से खेल जगत में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

### विश्व आदिवासी दिवस पर निकलेगी रैली

**उज्जैन।** महाकाल आदिवासी लोक कल्याण समिति, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस उत्साह एवं पारंपरिक स्वरूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर शहर में भव्य रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शामिल होंगे।

### वेद अनादि और अनंत हैं, यह मन, वचन और कर्म को पवित्र करते हैं

**उज्जैन।** मौनतीर्थ पीठ स्थित आद्य जगत गुरु शंकराचार्य परिसर में 8 अगस्त को वैदिक चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शंकराचार्य की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजन में वैदिक परंपरा, कर्मकांड, धर्मशास्त्र, ज्योतिष और पुराण के विद्वान पं. भविष्य शर्मा 'बालक सूनु' ने वेद एवं वैदिक साहित्य पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि वेद अनादि और अनंत काल तक रहने वाले हैं। वेद स्वयं परमात्मा हैं। छात्रों को चरित्रवान बनने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि जो चरित्रवान होता है, परमात्मा उससे प्रेम करते हैं। वेद मन, वचन और कर्मों को पवित्र करता है। जहां मन, वचन और कर्म अच्छे हैं, वहीं सनातन है और जहां सनातन है, वहां तनाव नहीं है। शर्मा ने कहा कि उनका परिवार तीन पीढ़ियों से मौनतीर्थ पीठ से जुड़ा है। जहां वेद मंत्रों का उच्चारण और श्रवण होता है, वहां हमेशा मंगल होता है।

**श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की बैठक आज**

## बकाया भुगतान नहीं होने पर वनतारा परियोजना के विरोध का किया ऐलान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस ने कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों और बकाया भुगतान को लेकर अपना आंदोलन तेज कर दिया है। संगठन का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की अपील की गई थी, लेकिन अब तक शासन स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ऑगेनाईजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी ने बताया कि संगठन पिछले लंबे समय से कर्मचारियों के बकाया भुगतान की मांग कर रहा है, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले हैं। इसी के चलते 9 अगस्त (रविवार) को फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क में कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 12:00 शुरू होगी जिसमें कर्मचारियों के बकाया भुगतान, अन्य लंबित देयकों तथा वन विभाग द्वारा प्रस्तावित परियोजना को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। संगठन का कहना है कि श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस पिछले 21 वर्षों से कर्मचारियों के बकाया भुगतान की मांग कर रही है, लेकिन आज तक कर्मचारियों को उनका अधिकार नहीं मिल सका है। शासन से मिली जानकारी में श्री सिंथेटिक्स की लगभग 115 हेक्टेयर भूमि पर वन विभाग की परियोजना प्रस्तावित है।

कर्मचारियों का कहना है कि यह भूमि वर्तमान में कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त लिक्विडेटर के अधीन है, इसलिए कर्मचारियों के सभी वैधानिक देयकों का भुगतान किए बिना इस भूमि पर किसी भी प्रकार की परियोजना शुरू करना उचित नहीं होगा। वन विभाग की 210 हेक्टेयर भूमि पर प्रदेश का पहला वनतारा प्रोजेक्ट विकसित किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना की डीपीआर और मास्टर ले-आउट प्लान को सेंट्रल जू अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मंजूरी मिल चुकी है

# हर क्लब रहे सक्रिय, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सेवा का लाभ

### लायंस क्लब रीजन-8 की मीट में पदाधिकारियों को सिखाई कार्यप्रणाली, सौम्य मार्गदर्शिका का हुआ विमोचन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के रीजन-8 की क्लब ऑफिसर मीट और स्कूलिंग नानाखेड़ा स्थित होटल विक्रमादित्य में संपन्न हुई। रीजन चेयरपर्सन लायन दिनेश राठौर के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में क्लब पदाधिकारियों को सेवा, संगठन और नेतृत्व का मंत्र दिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। रीजन चेयरपर्सन दिनेश राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत पदों में नहीं, बल्कि सदस्यों के समर्पण और टीमवर्क में है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि ऐसा सेवा कार्य करना है जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों से सदस्यता वृद्धि, जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य, पर्यावरण और युवाओं से जुड़े प्रकल्पों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस अवसर पर मल्टीपल चेयरपर्सन एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ, सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय सक्सेना, भोपाल व इटारसी से आए प्रवक्ता लायन कमल भंडारी और लायन अनिल झा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्कूलिंग सत्र के दौरान क्लब अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों के मार्गदर्शन के लिए 'सौम्य' मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया गया। सत्र में क्लब प्रशासन, सेवा गतिविधियों की रिपोर्टिंग, सदस्यता वृद्धि, वित्तीय अनुशासन और टीम प्रबंधन को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में जोन चेयरपर्सन और क्लब अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों की आगामी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए सामूहिक कार्ययोजना तैयार की। उपस्थित पदाधिकारियों ने क्लबों को सक्रिय करते हुए लायंस की सेवा भावना को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में रीजन चेयरपर्सन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए 'सेवा सर्वोपरि–संगठन मजबूत' के संकल्प के साथ कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में रीजन एडवाइजर लायन राजशेखर शर्मा, रीजन सचिव लायन पंकज पांचाल, चारों जोन चेयरपर्सन लायन शिव बंसल, लायन रामबाबू गोयल, लायन दीपक दास और लायन पूनम जुल्का मौजूद रहे। विशेष सहयोगी के रूप में लायन देबाशीष राय, लायन रवि श्रीमाली, लायन नितेश मित्तल, लायन कवि अशोक भाटी सहित विभिन्न क्लबों के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष उपस्थित थे।

**महापुरुषों की स्मृति को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना अनुकरणीय पहल**

# बैरवा महासभा के संस्थापक झुतालाल की पुण्यतिथि पर यूनिवर्सिटी कैंपस में रोपे पौधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अखिल भारतीय बैरवा महासभा के संस्थापक अध्यक्ष और समाज के प्रेरणास्त्रोत स्वर्गीय झुतालाल की पुण्यतिथि पर महासभा ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट के नेतृत्व में समाजजनों ने यूनिवर्सिटी कैंपस में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थितजनों ने स्वर्गीय झुतालाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि समाज के महापुरुषों की पुण्यतिथि को केवल स्मरण दिवस न मानकर रचनात्मक और जनहितकारी कार्यों से जोड़ना सराहनीय है। स्वर्गीय झुतालाल ने समाज को संगठित कर उत्थान की दिशा में अहम योगदान दिया। उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मुकेश टटवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी देखभाल कर उसे वृक्ष बनाना भी हमारा दायित्व है। पुण्यतिथि पर हुए इस आयोजन से नई पीढ़ी को प्रकृति संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश मिला है। वहीं, अखिल भारतीय बैरवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल ने कहा कि संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय झुतालाल ने समाज को एकजुट कर सामाजिक चेतना जगाने में बड़ी भूमिका निभाई। महासभा उनके आदर्शों पर निरंतर कार्य कर रही है। पौधारोपण का उद्देश्य उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के साथ ही समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट ने कहा कि स्वर्गीय झुतालाल का पूरा जीवन समाज सेवा और संगठन के लिए समर्पित रहा। उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप लगाए गए इन पौधों की देखभाल और संरक्षण का जिम्मा समाज के कार्यकताओं को सौंपा जाएगा, ताकि यह पौधारोपण अभियान सिर्फ एक दिन तक सीमित न रहे।

**12 अगस्त को नारायणा धाम से निकलेगी 16 किलोमीटर लंबी सम्पूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा**

# हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर मां पार्वती धाम में होगा जलाभिषेक

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत होगा पौधारोपण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी हरियाली अमावस्या के अवसर पर 12 अगस्त 2026, बुधवार को स्वर्णगिरी पर्वत स्थित नारायणा धाम से सम्पूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में रूपरेखा तय की गई। परिक्रमा प्रातः 9 बजे नारायणा धाम से प्रारंभ होकर पार्वती धाम पहुंचेगी, जहां जलाभिषेक किया जाएगा।

कृष्ण सुदामा उत्सव समिति के केशर सिंह पटेल व डॉ. मोहन शर्मा ने बताया कि पवित्र नदियों और सप्त सागर के जल से श्रीकृष्ण और सुदामा के चरण पूजन के साथ यात्रा का शुभारंभ होगा। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया जाएगा। यात्रा नारायणा से प्रारंभ होकर चौकी, महूखेड़ा, तुलसापुर, बागला होते हुए मां पार्वती धाम पहुंचेगी। यहां माता के चरणों में जलाभिषेक, पौधारोपण और भोजन विश्राम के बाद यात्रा पुनः प्रारंभ होगी। परिक्रमा मार्ग में आने वाले ग्राम वरखेड़ा बुजुर्ग, कुकल खेड़ा, बालोदा और शेरपुर-चौपाटी से होते हुए यात्रा वापस नारायणा धाम पहुंचेगी। आरती और प्रभु प्रसादी वितरण के साथ इस सवा पांच कोस यानी 16 किलोमीटर लंबी परिक्रमा का समापन होगा।

केशर सिंह पटेल ने बताया कि नारायणा धाम के उत्तर दिशा में स्थित स्वर्णगिरी पर्वत का वर्णन श्रीमद्भागवत गीता सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है। मान्यता है कि गुरु सांदीपनि और गुरु मां की आज्ञा से श्रीकृष्ण और सुदामा लकड़ियां लेने यहीं आए थे और रात्रि विश्राम भी किया था। उनके द्वारा एकत्र की गई लकड़ियों की गठरी आज भी मंदिर परिसर में हरे-भरे पेड़ों के रूप में मौजूद है, जिनके दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कई बार नारायणा धाम और समीपस्थ कालगणना स्थल डोंगला का जिक्र करते हुए इसे श्रीकृष्ण की लीलाओं से जोड़ चुके हैं।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

आयोजन को लेकर हुई बैठक में केशर सिंह पटेल, गोपीलाल आंजना, संजय आंजना, एडवोकेट अंतर सिंह आंजना, पुजारी प्रेमनारायण शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, अर्जुन शर्मा, आत्माराम शर्मा, दौलतराम शर्मा, कमल आंजना, डॉ. मोहन शर्मा, सरपंच भगवान सिंह नारायणा, सरपंच अमृत लाल देपन बालोदा, भेरू सिंह आंजना, जगदीश शर्मा पंडित, मानसिंह आंजना, राजेश आंजना, महेश सोनी, ईश्वर शर्मा, आसाराम आंजना, अमर सिंह आंजना, राय सिंह आंजना, प्रकाश गोयल, दिनेश दायमा, राहुल आंजना, करन आंजना, गोविंद आंजना अशोक आंजना, अर्जुन आंजना, इंदर आंजना, अरुण मकवाना, गोपाल आंजना, जय आंजना और दयाराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी धमार्लुजनों से इस यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

## भारत भारती का प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर आज, पत्राले करेंगे मार्गदर्शन

### राष्ट्रीय एकता को समर्पित संस्था के आयोजन में प्रदेशभर से जुटेंगे पदाधिकारी और शिक्षाविद्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय एकता को समर्पित संस्था 'भारत भारती' का प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर रविवार 9 अगस्त को प्रातः 9 बजे से होटल सुराणा में आयोजित किया जाएगा। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय पत्राले उपस्थित रहेंगे और सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगे।

संस्था की सचिव डॉ. पांखुरी वक्त ने बताया कि शिविर में सारस्वत अतिथि चार धाम पीठाधीश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद होंगे। वहीं, प्रमुख अतिथि के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सिंहस्थ प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर नातू उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के तौर पर नैक के चेयरमैन डॉ. नागेश्वर राव, डॉ. आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलगुरु डॉ. प्रकाश बरतूनिया और सम्राट विक्रमादित्य विवि हिन्दी अध्ययनशाला के पूर्व अध्यक्ष आचार्य प्रो. हरिमोहन बुधौलिया शिरकत करेंगे। प्रशिक्षण सत्र में भारत भारती की प्रदेश संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर, दत्तात्रय सालुंके, शैलेश लेले, उषा शर्मा, शिरीष घुडे, संगीता पाटकर, अर्चना कुलश्रेष्ठ, डॉ. पूर्वा दीक्षित, डॉ. भारती पुजारी और डॉ. हरीशकुमार सिंह द्वारा सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रांतीय शिविर में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, देवास, रतलाम और उज्जैन सहित विभिन्न शहरों के पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे। यह आयोजन स्वागत समिति के अध्यक्ष व प्रेमचन्द सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, संयोजक एम.के. जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष पाठक और संगठन सचिव शशांक दुबे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

उज्जैन
रविवार
09
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

न कश्चित कस्यचित मित्रम्, न कश्चित कस्यचितरिपुरू।
व्यवहारेण जायंते, मित्राणि रिप्वस्तथा।।

**अर्थः** संसार में कोई किसी का मित्र नहीं है और कोई शत्रु नहीं है। लेकिन व्यवहार से ही दोस्त और दुश्मन बनते हैं।

## खबर एक नजर...

### डीलरशिप दिलाने के नाम पर 1 करोड़ की ठगी

**इंदौर।** गुजरात क्षेत्र की डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने का झांसा देकर 1 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच इंदौर ने 74 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनोहरलाल गुप्ता पिता स्व. उमाशंकर गुप्ता, निवासी जानकी नगर एक्सटेंशन, भंवरकुआं, इंदौर के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी इंदौर स्थित आई.एच.एल. मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड और इन्फुटेक हेल्थकेयर लिमिटेड में डायरेक्टर/मुख्य संचालक के रूप में काम करता है। क्राइम ब्रांच फरार आरोपी बेटे की तलाश कर रही है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, गुजरात के झालोद, जिला दाहोद निवासी कमलेश अग्रवाल ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि आरोपियों ने गुजरात क्षेत्र की डीलर/डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने का प्रलोभन देकर 50-50 लाख रुपए, यानी कुल 1 करोड़ रुपए जमा करवाए। शिकायतकर्ता के मुताबिक शुरूआत में जुलाई 2022 तक डिस्ट्रीब्यूटर मार्जिन मनी के रूप में करीब 28.50 लाख रुपए दिए गए। इसके बाद आरोपियों ने न तो मार्जिन मनी का भुगतान किया, न व्यापार के लिए माल उपलब्ध कराया और न ही मूल राशि वापस की।

### सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति को देख रुकी महिला आरक्षक

**इंदौर।** यातायात व्यवस्था संभालने के साथ इंदौर पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया। कलश चौराहा, परदेशीपुरा क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल होकर रोड पर पड़े व्यक्ति को देखकर यातायात पुलिस की महिला आरक्षक अरुणा ठाकरे ने तत्काल मदद की। उन्होंने अपनी गाड़ी रोकी और घायल के पास पहुंचकर उनकी स्थिति देखी। जानकारी के मुताबिक, महिला आरक्षक अरुणा ठाकरे वहां से गुजर रही थीं। इसी दौरान उनकी नजर सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति पर पड़ी। उन्होंने बिना समय गंवाए मौके पर रुककर घायल की मदद शुरू की। उनके पास मौजूद फर्स्ट एड किट से घायल को प्राथमिक उपचार दिया। साथ ही उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। महिला आरक्षक की त्वरित कार्रवाई से घायल व्यक्ति को मौके पर ही तत्काल राहत मिली। हादसे के बाद सड़क पर घायल अवस्था में पड़े व्यक्ति के लिए समय पर मिली यह मदद काफी महत्वपूर्ण रही। मौके पर मौजूद लोगों ने भी महिला आरक्षक की तत्परता की सराहना की। यातायात पुलिस की ड्यूटी के दौरान अरुणा ठाकरे ने न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाई, बल्कि संवेदनशीलता और मानवीयता का भी परिचय दिया। पुलिसकर्मी की इस पहल ने यह संदेश दिया कि वर्दी में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी के साथ जरूरतमंद की मदद करना भी पुलिस के सामाजिक दायित्व का हिस्सा है।

### एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स की तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राकेश (49) पिता मनोहर लाल तंवर निवासी समाजवादी इंद्रानगर इंदौर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक राकेश प्रॉपर्टी ब्रोकिंग का काम करता है और 12वीं तक पढ़ा है। क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में पहले चिराग पिता यशवीर सिंह (25) को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 10.10 ग्राम एमडी ड्रग्स, जिसकी कीमत करीब 1.10 लाख रुपए, और होंडा एक्टिवा कीमत करीब 50 हजार रुपए जब्त की गई थी। कुल जब्ती करीब 1.60 लाख रुपए की थी। जांच के दौरान राकेश की भूमिका सामने आई। क्राइम ब्रांच के मुताबिक वह घटना के बाद से वह फरार था। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पत्नी से छेड़छाड़ पर दोस्त का बक्के से मर्डर, खेत में गड्ढा खोदकर लाश दफनाई

**इंदौर।** महू में एक युवक की हत्या का मामला सुलझा लिया गया है। शनिवार को बडगोंदा पुलिस ने गवली पलासिया में खेत में दफन मिले शव की पहचान खेड़ला निवासी मिथुन उर्फ धर्मेंद्र मालीवाड़ (30) के रूप में की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सुनील उर्फ सुखराम भाभर ने अपनी पत्नी से छेड़छाड़ करने पर मिथुन की बके से वार कर हत्या कर दी थी। यह घटना 4 अगस्त की रात की है। गंभीर चोट लगने से मिथुन की मौके पर ही मौत हो गई थी। हत्या के बाद आरोपी सुनील ने अपनी पत्नी रविना के साथ मिलकर शव को पास के तलाई इलाके के खेत तक पहुंचाया और गड्ढा खोदकर दफना दिया। इसके बाद दोनों अपने बच्चों के साथ रात में ही वहां से फरार हो गए थे। मिथुन झाड़फूंक का काम करता था। 4 अगस्त की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच सुनील और मिथुन ने पहले एक जगह बैठकर शराब पी, उसके बाद सुनील ने मिथुन से बोला कि मेरे बच्चे की तबीयत खराब है, उसको घर चलकर थोड़ा देख ले। इस दौरान सुनील फ्रेश होने चले गया, जब वह बाहर आया तो देखा मिथुन ने सुनील की औरत का हाथ पकड़ रखा है और उसके साथ जबरदस्ती कर रहा है। गुस्से में आकर बके से सुनील ने मिथुन के सर पर वार कर दिया, मिथुन की मौके पर मौत हो गई। इस दौरान दोनों पति-पत्नी ने मिथुन के शव को उठाकर 50 मीटर दूर ले गए और वहां उसे दफना दिया। मिथुन के लापता होने पर 5 अगस्त की देर रात बडगोंदा थाने में अपहरण का केस दर्ज किया गया था। अगले दिन, 6 अगस्त की सुबह मोहन पटेल के खेत के पास तलाई में मिट्टी के अंदर शव दफन होने की सूचना मिली। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश वास्कले टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। शव पर सिर और गर्दन पर गंभीर चोट के निशान थे।

---

### सीजेआई सूर्यकांत बोले- सिर्फ कानून बनाने से नहीं मिलेगा न्याय, जस्टिस मनमोहन बोले- भरोसा जरूरी

# इंदौर में कहा- जनता-न्याय व्यवस्था के बीच दूरी न हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- सिर्फ कानून बना देने से आम लोगों तक न्याय नहीं पहुंच सकता। न्याय व्यवस्था और जनता के बीच दूरी नहीं होनी चाहिए। जरूरतमंद व्यक्ति जब कानूनी मदद के लिए पहुंचे तो पहले उसकी बात सुनी जाए, उसे सम्मान मिले। जरूरतमंद की समस्या को समझा जाए।

इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 8 और 9 अगस्त को आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- हर क्षेत्र की समस्या अलग होती है, इसलिए समाधान भी स्थानीय होना चाहिए। लोगों तक उनकी स्थानीय बोली में कानूनी अधिकार और मदद पहुंचानी होगी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- आम नागरिक के लिए न्याय का अनुभव केवल राहत, मुआवजा, केस में बरी होने या सजा मिलने तक सीमित नहीं है। न्याय का अनुभव उससे पहले शुरू हो जाता है। आम नागरिक को न्याय देने से पहले महसूस हो कि उसकी बात सुनी गई है। उसे सम्मान मिला है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- विधिक सेवा व्यवस्था का संवाद केवल बैठकों और सम्मेलनों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि राष्ट्रीय स्तर से राज्य, जिला, तालुका और पैरा-लीगल वालंटियर तक लगातार चलना चाहिए।



#### हर क्षेत्र की समस्या अलग, समाधान भी स्थानीय होना चाहिए

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- मध्यप्रदेश के आदिवासी परिवार, गोवा के मछुआरा समुदाय, गुजरात के प्रवासी मजदूर या मुंबई में कानूनी सहायता मांगने वाली महिला की समस्याएं एक जैसी नहीं हो सकतीं। इसलिए सभी के लिए एक जैसा समाधान भी संभव नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा- लीगल सर्विसेज इंस्टीट्यूशन को यह सोच बदलनी होगी कि जरूरतमंद व्यक्ति स्वयं उनके पास आए। इसके बजाय संस्थाओं को लोगों तक पहुंचना चाहिए। नई योजनाएं शुरू करना और आंकड़े बढ़ाना ही समावेशन नहीं है। लगातार यह सवाल पूछना होगा कि क्या कोई और गांव है जहां पहुंचना बाकी है। कोई और कमजोर समुदाय है, जिससे जुड़ना बाकी है। कोई दूसरी भाषा है, जिसमें कानूनी अधिकार समझाने की जरूरत है, या कोई ऐसी बाधा है जिसे हटाना जरूरी है।

- **सीएम यादव बोले- न्याय में पुत्र और प्रजा में भेद नहीं होना चाहिए-** कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- न्याय की भारतीय परंपरा बेहद समृद्ध और गौरवशाली रही है। शासक के लिए न्याय करते समय पुत्र और प्रजा में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासन में इस आदर्श को व्यवहार में उतारकर दिखाया था। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने इकलौते पुत्र की गलती पर उसे भी वही दंड दिया, जो सामान्य व्यक्ति को अपराध करने पर मिलता। गलती चाहे किसी से भी हो, न्याय सबके लिए समान होना चाहिए।
- **अहिल्याबाई होलकर से लिया न्याय का उदाहरण-** जस्टिस सूर्यकांत ने मध्यप्रदेश की लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के न्याय के प्रति समर्पण का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनका शासन आम लोगों से सीधे जुड़ा था। अहिल्याबाई किसानों, विधवाओं और व्यापारियों से प्रतिदिन सीधे मिलती थीं। उनके और जनता के बीच कोई भेदभाव या मध्यस्थता नहीं थी। आज की विधिक सेवा व्यवस्था के लिए भी यह संदेश है कि न्याय व्यवस्था को आम नागरिक के करीब ले जाना होगा। उसकी समस्या को सीधे समझना होगा।

---

### इंदौर में वकील समेत 5 आरोपी गिरफ्तार, कैफे में तैयार की वारदात की प्लानिंग

# यूएसडीटी देने के बहाने युवक को बुलाकर 7 लाख लूटे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में यूएसडीटी देने के बहाने युवक को बुलाकर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर 7 लाख रुपए लूटने के मामले का पुलिस ने 36 घंटों में खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में वकील सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी की तलाश जारी है।

**यूएसडीटी खरीदने के बहाने बुलाया, फिर सुनसान गली में ले गए-** डीसीपी अभिषेक रंजन ने बताया कि फरियादी अभय तिवारी को आरोपियों ने 7 लाख रुपए की यूएसडीटी देने के बहाने साकेत चौराहा बुलाया था। यहां से उसे सुनसान गली में ले जाकर आरोपियों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया और मारपीट कर उसके पास रखे 7 लाख रुपए लूट लिए। वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे।

यूएसडीटी का पूरा नाम टेडर है। यह एक तरह की क्रिप्टोकरेंसी है, जिसकी कीमत अमेरिकी डॉलर के आसपास स्थिर रखने के लिए बनाई गई है।

**बंगाली चौराहा के कैफे में बनी थी पूरी प्लानिंग-** घटना की जांच के लिए पलासिया पुलिस ने 6 अलग-अलग टीमें बनाई थीं। फरियादी के बताए हुलिए के आधार पर संदिग्धों के स्केच तैयार करवाए गए। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज और साइबर डेटा की मदद से संदिग्धों की पहचान शुरू हुई। जांच में पुलिस को पता चला कि कुछ संदिग्धों का बंगाली चौराहा स्थित द टी चैप्टर कैफे में आना-जाना है। पुलिस ने कैफे पर दबिश देकर जानकारी जुटाई। इसके बाद संदिग्धों की लोकेशन और मोबाइल डेटा खंगाला गया। टीम को यहां आयुष एवं कुलदीप नामक व्यक्ति की जानकारी मिली। टीम ने दो को पकड़ा और पूछताछ की और सीसीटीवी दिखाए। इस पर दोनों पुलिस को गुमराह करते रहे। दोनों घटना में बेकसपोर्ट के लिए थे, इसलिए फरियादी भी दोनों को पहचान नहीं पाए, लेकिन टेक्निकल जां और संदिग्धों की ओर ही इशारा कर रही थी।

**भागने में दो बदमाश हुए घायल-** पुलिस ने दोनों की मुवमेंट ट्रैक करने के लिए पुलिस की टीम पीछे लगाई, उनसे मिली जानकारी के बाद टीम ने 7 अगस्त को उक्त संदिग्धों के घर व उनकी संभावित मिलने की जगहों पर दबिश दी, तब दो व्यक्ति खजराना सर्विस रोड से एक्टिवा से भागने लगे और गिर गए, जिसमें वे घायल हो गए। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपने नाम शंशाक और विशाल होना बताया। दोनों को इलाज के लिए एमवाय में भर्ती भी किया।



#### भनक लगी तो भागने लगे रेलवे स्टेशन पर धराए

दोनों ने पूछताछ में पूरी घटना की प्लानिंग और साथियों के नाम भी बता दिए। इन दोनों के साथ एडवोकेट आशुतोष प्रधान, दीपेश सोलंकी, आयुष और कुलपदीप थापा के घटना में शामिल होना पता चला। शंशाक और विशाल के पकड़ने जाने की भनक लगने पर शेष आरोपी आशुतोष प्रधान, दीपेश और कुलदीप और आयुष सांवरिया सेठ भागने की प्लानिंग की इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लूट का पैसा जब्त कर लिया। हालांकि पूरा पैसा रीकवर नहीं हुआ है। पुलिस बाकी का पैसा रीकवर करने में लगी है। इस तरह दिया घटना को अंजाम आरोपी शशांक परदेशी ने बताया कि उसके भाई मोनू उर्फ विवेक परदेशी ने बताया कि अभय तिवारी नाम का लड़का है, जो यूएसडीटी से ट्रेडिंग करता है और उसे 6-7 हजार यूएसडीटी की जरूरत है। उसे विश्वास में लेकर यूएसडीटी देने के लिए कैश लेकर तय जगह पर बुलाना रहेगा। इसमें और भी लड़के लगेंगे। इस पर दोनों ने विशाल, आयुष, कुलदीप, आशुतोष और दीपेश से बात कर पूरा प्लान बनाया और पूरी वारदात को अंजाम दिया। आरोपी मोनू उर्फ विवेक की तलाश भी की जा रही है।

# राजा रघुवंशी के दोनों भाइयों को भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




इंदौर पुलिस ने राजा रघुवंशी के दोनों भाई विपिन रघुवंशी और सचिन रघुवंशी सहित पांच लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने यह कार्रवाई उनके ढाबे पर बिना लाइसेंस के शराब परोसने पर की।

दरअसल, शुक्रवार रात पुलिस राऊ क्षेत्र में होटल और ढाबों की चेकिंग कर रही थी। टीम ने एक के बाद एक कई ढाबे और होटल चेक किए। इसके बाद पुलिस की टीम राजा भोज ढाबे पर पहुंची, जहां का नजारा देखकर पुलिस हरकत में आई। यहां लोग टेबलों पर बैठकर शराब पीते मिले। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोग भी चौंक गए।

इधर, एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने राऊ इलाके में चैकिंग की थी। चैकिंग के दौरान इलाके के होटलों और ढाबों को चेक किया गया। इस दौरान टीम राजा भोज ढाबे पहुंची। यहां पर पाया गया कि यहां पर बिना लाइसेंस के शराब परोसी जा रही थी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और पांच लोगों पर कार्रवाई की है। इसमें सचिन रघुवंशी, विपिन रघुवंशी, शिव यादव, शुभम और विशाल शामिल है। कार्रवाई करने के साथ ही प्रतिबंधात्मक धाराओं में जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने ढाबे पर काम करने वालों की जानकारी भी थाने पर नहीं दी थी। पिछले काफी वक्त से ये ढाबा यहां संचालित हो रहा है पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में राऊ थाना क्षेत्र में होटल, ढाबों और लॉज की लगातार जांच की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस शराब पिलाने या पुलिस के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

---

# इंदौर में राइजिंग भारत पर हुआ मंथन

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोले मिलिंद परांडे- वैचारिक चुनौतियों से निपटने के लिए मजबूत करना होगा राष्ट्रीय चरित्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

वर्ल्ड एसोसिएशन आफ हिंदू एकेडेमिशियन्स की ओर से शनिवार को डेली कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी द राइजिंग भारत- ज्ञानं परमं बलम्-का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देशभर से प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, चिंतक, नीति विशेषज्ञ और विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों के साथ 600 से अधिक पीएचडी धारकों ने सहभागिता की।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय संगठन मंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि महर्षि अरविंद के विचारों के अनुरूप भारत को विश्व का मार्गदर्शन करना है और देश फिर उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के सामने मौजूद वैचारिक चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरे समाज को अपना राष्ट्रीय चरित्र मजबूत करना होगा।

महिला विमर्श सत्र में भारतीय चिंतन और वर्तमान विषय पर डॉ. नुपुर निखिल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन समय से ही नारी के सम्मान को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। महिलाएं गृह कार्य के साथ सामाजिक कार्य, अर्थदायित्व, प्रबंधन, शक्ति प्रदर्शन और वैचारिक क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। जनजातीय विमर्श सत्र में प्रकाश उइके और लक्ष्मण सिंह मरकाम ने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान और उसके सामने मौजूद समकालीन चुनौतियों पर विचार साझा किए। वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था एवं ग्लोबल मार्केट फोर्सेज विषय पर आयोजित सत्र में प्रफुल्ल केतकर और जितेंद्र गुप्ता ने भारतीय अर्थव्यवस्था तथा वैश्विक बाजार की बदलती परिस्थितियों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संत ओमानंद महाराज, विनोद अग्रवाल, पद्मश्री कालूराम बामनिया, भालचंद्र दत्तात्रय मोंडे, डॉ. राकेश सिंघाई, डॉ. राजेश चावला, विक्रम सिंह पवार सहित अन्य गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित रहे।



### आधा किमी चलना भी मुश्किल, समाजसेवियों की मदद से ठेला लगाकर परिवार संभाल रहे जितेंद्र

# पेनकिलर के बाद दोनों किडनी खराब, 4 साल से डायलिसिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में रहने वाले 37 वर्षीय जितेंद्र कुमार की जिंदगी बीमारी ने पूरी तरह बदल दी। दोनों किडनी खराब होने के बाद पिछले चार साल से वे डायलिसिस पर हैं। सप्ताह में तीन दिन डायलिसिस के लिए अस्पताल जाना पड़ता है। आर्थिक परेशानियों और लगातार बिगड़ती सेहत के बावजूद जितेंद्र ने हिम्मत नहीं छोड़ी। अब वे अपनी क्षमता के अनुसार फल का ठेला लगाकर परिवार की जिम्मेदारी उठाने की कोशिश कर रहे हैं। इस काम के लिए उन्हें इंदौर के समाजसेवियों से मदद मिली है।

जितेंद्र मूल रूप से अशोक नगर के रहने वाले हैं। साल 2017 में रोजगार की तलाश में इंदौर आए और यहां इलेक्ट्रिशियन का काम करने लगे। काम के दौरान होने वाली थकान और दर्द के कारण उन्होंने पेनकिलर लेना शुरू किया। जितेंद्र के मुताबिक, करीब एक महीने तक लगातार पेनकिलर लेने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। साल 2021 से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी बढ़ी और डॉक्टरों ने दोनों किडनी खराब होने की जानकारी दी।



इसके बाद उन्होंने भोपाल और अहमदाबाद में भी इलाज कराया। फिलहाल सप्ताह में तीन बार डायलिसिस कराना पड़ता है। कई बार डायलिसिस में इस्तेमाल होने वाला डाइलाइजर, ट्यूबिंग और केमिकल उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें ये सामान खुद खरीदना पड़ता है। बीमारी का असर इतना है कि वे करीब आधा किलोमीटर भी ठीक से नहीं चल पाते।

जितेंद्र ने बताया कि बीमारी के कारण नौकरी करना मुश्किल हो गया। परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर वे कई बार रातभर सो नहीं पाते थे। उनके पिता मुन्नालाल विश्वकर्मा फर्नीचर का काम करते हैं और परिवार की जिम्मेदारी मुख्य रूप से उन्हीं पर है। छोटा भाई भी उनके साथ रहता है। परिवार पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए जितेंद्र रोजगार की तलाश में कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे। अधिकारियों ने उनकी बीमारी और बार-बार अस्पताल जाने की जरूरत को देखते हुए नौकरी के बजाय खुद का काम शुरू करने की सलाह दी। इसके बाद रेडक्रॉस के माध्यम से उन्हें 20 हजार रुपए की सहायता मिली, जिससे उन्होंने फल का ठेला खरीदा। हालांकि, इसके बाद उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई और उन्हें करीब डेढ़ महीने अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। अस्पताल से लौटने के बाद ठेले पर फल लगाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। ऐसे में महाकाल संस्था के जय्यु जोशी और करीम खान ने 10 हजार रुपए की मदद की। इससे जितेंद्र ने ठेले पर फल रखना शुरू किया और दोबारा काम की शुरूआत की।

---

### 50 लाख की धमकी के मामले में बुलाया था, क्राइम ब्रांच ने स्क्रैप गोदाम पर दी दबिश

# खजराना पुलिस ने कांग्रेस के पार्षद पति शेख अलीम से पांच घंटे तक पूछताछ की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में खजराना पुलिस ने कांग्रेस के पार्षद पति शेख अलीम से पांच घंटे तक पूछताछ की है। मामला मई 2025 में 50 लाख की धमकी का है। इसी मामले में अलीम के बेटे से भी पूछताछ की जा रही थी। हालांकि, तब मामला ठंडा पड़ गया था, लेकिन अब फिर से केस की फाइल खुली है।

पिछले साल पीड़ित ने थाने में शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि उसे एक नंबर से 50 लाख रुपए की धमकी के लिए फोन आ रहे है। पुलिस ने इसकी जांच की तो यह नंबर फीलिपिंस का निकला, लेकिन यह नंबर ग्रीन पार्क खजराना निवासी मिकाइल शेख के पास था। इसमें शेख पर दर्ज हुआ था और पूछताछ की गई थी।



**अलीम के कहने पर दी थी धमकी-** मामले में आरोपी मिकाइल ने पूछताछ में बताया कि उसने शेख अलीम के कहने पर फोन लगाकर धमकाया था। तब बात सामने आई थी कि पीड़ित व्यक्ति की बेटी और अलीम के बेटे अली के बीच पुराने विवाद में रंजिश हुई थी।

इसके बाद अलीम ने मिकाइल से कहा था कि वह फोन करके 50 लाख रुपए के लिए धमकी दें। इसके बाद मिकाइल ने फोन किया था। खजराना टीआई मनोज सैंधव ने कहा कि शेख अलीम से करीब 5 घंटे पूछताछ की गई है। अभी मामला जांच में है। इधर, उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

#### स्क्रैप गोदाम पर पहुंची क्राइम ब्रांच की दबिश जांच जारी

इधर, इंदौर में क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को रानीपुरा इलाके में एक स्क्रैप गोदाम में छापा मारा। टीम को यहां पर चोरी की गाड़ियां काट कर बेचे जाने की सूचना मिली थी, जिस पर टीम ने यहां पहुंची थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के मुताबिक क्राइम ब्रांच ने स्क्रैप कारोबारी अल्ताफ पिता आफताब अंसारी के दौलतगंज उर्दू मैदान, रानीपुरा में दबिश दी थी। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि अल्ताफ का पूर्व में एक मारपीट का एक रिकॉर्ड है। टीम को जानकारी मिली थी यहां पर चोरी की गाड़ी खरीदेने और इस स्क्रैप करने की सूचना मिली थी। यहां पर टीम ने दबिश देकर यहां स्क्रैप की गई गाड़ियों की जांच की। हालांकि अभी टीम को कुछ नहीं मिली है, लेकिन इसकी जांच जारी है। अल्ताफ पूर्व कांग्रेस पार्षद का रिश्तेदार बताया जा रहा है।

## अफसरों की निगरानी में जिला अस्पताल, रोज होगा रियलिटी चेकः

**देवास.** जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने अब सख्त निगरानी शुरू करने की तैयारी कर ली है। मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार स्तर के अधिकारी रोजाना अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। करीब एक महीने तक अधिकारी प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस दौरान मरीजों से सीधे बातचीत कर सुविधाओं का फीडबैक भी लिया जाएगा। साफ-सफाई, सुरक्षा, दवाओं, भोजन, स्टाफ और अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं में लापरवाही मिलने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए आदेश जारी किए हैं। इसके तहत अधिकारी प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, मरीजों की सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था और स्टाफ की उपलब्धता समेत रोजमर्रा की व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। अधिकारी मरीजों और उनके परिजनों से भी बातचीत करेंगे और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में सीधे फीडबैक लेंगे।

## 75 साल की मां को सड़क पर घसीटा, थप्पड़ मारे

**जबलपुर।** जबलपुर के रांझी की अशोक बिहार कॉलोनी में 75 साल की बुजुर्ग महिला के साथ उसके बेटे की मारपीट का श्क्लुश्ड सामने आया है। आरोपी बेटा मां को घर से घसीटते हुए सड़क पर ले आया और सरेराह थप्पड़ मारता रहा। पड़ोसियों ने घटना का वीडियो बनाया और पुलिस को सौंपा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बेटा शराब पीकर आए दिन अपनी मां के साथ मारपीट करता है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। पड़ोस में रहने वाले सोमेश सोनी के मुताबिक, राजू विश्वकर्मा शराब पीकर घर आया और मां के साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद वह बुजुर्ग मां को घसीटते हुए सड़क पर ले आया और वहां भी उसके साथ मारपीट की। सोमेश का कहना है कि राजू पहले भी कई बार अपनी मां के साथ मारपीट कर चुका है। पड़ोसी उसे समझाते हैं तो वह उनके साथ भी गाली-गलौज करता है और जान से मारने की धमकी देता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, राजू के खिलाफ पहले भी रांझी थाना पुलिस में लिखित शिकायत की गई थी और कार्रवाई की मांग की गई थी। उनका आरोप है कि पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं होने के कारण आरोपी के हौसले बढ़ते गए और वह मां के साथ आए दिन मारपीट करने लगा।

## हॉर्न बजाने पर पड़ोसी ने कार से 2 बार कुचला

**ग्वालियर।** ग्वालियर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र स्थित अचलेश्वर एन्क्लेव के गेट पर आधी रात हॉर्न बजाने के मामूली विवाद में एक पड़ोसी ने दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने अपनी नेक्सॉन कार से पहले फरियादी की कार को टक्कर मारी। इसके बाद फरियादी के बाहर निकलते ही उसे सीधी टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने के बाद आरोपी ने कार बैक कर दोबारा उसके ऊपर चढ़ा दी। हमले में सुनेन्द्र धाकड़े के सीने और कूल्हे की हड्डियों में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें इलाज के लिए ऑप्टिमस अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। हालत में सुधार आने के बाद शनिवार रात पुलिस को घटना की सूचना मिली। बहोड़ापुर थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान लिए और देहाती नालसी पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने रात करीब 10:30 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एफआईआर के मुताबिक, अचलेश्वर एन्क्लेव, जलालपुर रोड निवासी सुनेन्द्र धाकड़े (46) शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 12:10 बजे मानपुर फेस-01 स्थित अपने ऑफिस से एमजी हेक्टर कार से घर लौट रहे थे।

## वैध निवेश क्षेत्र नहीं...:सरकारी सुस्ती ने बेकाबू किए प्रॉपर्टी रेट

**भोपाल।** भोपाल में प्लॉट, फ्लैट या मकान तलाश रहे हैं तो बेतहाशा कीमतों के लिए सिर्फ रियल एस्टेट के सामान्य बूम को जिम्मेदार मत मानिए। इसके पीछे 21 साल से अटका नया मास्टर प्लान भी बड़ी वजह है। इन दो दशकों में भोपाल लगातार फैला, आबादी बढ़ी, लेकिन उस रफ्तार से नए वैध और नियोजित इलाके विकसित नहीं हुए। नतीजा- साफ टाइटल, तय लैंडयूज और जरूरी मंजूरियों वाली प्रॉपर्टी के विकल्प कम होते गए। खरीदार गिने-चुने वैध इलाकों में सिमटे तो वहां जमीन-मकान के दाम बढ़ते गए।

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की 2025 की रिपोर्ट भी यही तस्वीर दिखाती है। कैग के मुताबिक, भोपाल में जितना आवासीय क्षेत्र विकसित होना था, उससे 31% कम हुआ। कमर्शियल क्षेत्र में यह कमी 56% व मनोरंजन क्षेत्र में 64% रही। इसका सीधा असर यह हुआ कि शहर के वैध इलाकों में जमीन महंगी होती गई। जो लोग ये कीमतें नहीं चुका पाए, उन्होंने शहर के बाहरी और सस्ते इलाकों का रुख किया, जहां अवैध कॉलोनियां बढ़ती चली गईं। साल 1991 से 2011 के बीच भोपाल नगर निगम क्षेत्र की आबादी 77% बढ़ी, जबकि 2000 से 2021 के बीच अवैध कॉलोनियों की संख्या 175% बढ़ गई। यानी शहर बढ़ता रहा, लेकिन उसे बसाने की प्लानिंग पीछे छूटती गई। देश में भोपाल ही ऐसी राजधानी है, जो 21 साल से बिना नए मास्टर प्लान के चल रही है।

# सांची में समृद्ध बौद्ध विरासत और स्थापत्य कला को देख अभिभूत हुए ब्रिक्स डेलीगेट्स

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**



ब्रिक्स देशों से आये प्रतिनिधि भारत की समृद्ध बौद्ध विरासत और स्थापत्य कला को देखने शनिवार को रायसेन जिले के विश्व धरोहर स्थल सांची पहुंचे। ब्राजील, चीन, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, रूस सहित ब्रिक्स डेलीगेट्स के 42 सदस्यीय दल द्वारा केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ जम्बू द्वीप पार्क, म्यूजियम तथा बौद्ध स्तूप का भ्रमण किया गया। इस दौरान म.प्र. शासन के संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र लोधी भी साथ हैं। ब्रिक्स डेलीगेट्स के सांची पहुंचने पर कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा की अगवानी में उनका स्वागत भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर किया गया।

ब्रिक्स डेलीगेट्स हजारों वर्ष पुरानी भारतीय स्थापत्य कला, पत्थरों पर उकेरी गई बौद्ध संस्कृति और भगवान बुद्ध के शांति एवं करुणा के संदेश से जुड़े बौद्ध स्तूप को देखकर अभिभूत नजर आए। डेलीगेट्स सांची की ऐतिहासिक विरासत को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का अद्भुत उदाहरण बताया। इस दौरान उन्होंने मुख्य स्तूप सहित परिसर में स्थित प्राचीन संरचनाओं, तोरण द्वारों, स्तंभों तथा शिल्पकला को करीब से देखा। विशेषज्ञों एवं गाइड द्वारा प्रतिनिधियों को सांची के इतिहास, बौद्ध धर्म के प्रसार और यहां स्थित स्मारकों की स्थापत्य विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बौद्ध स्तूप के तोरण द्वारों पर उकेरी गई बारीक नक्काशी ने ब्रिक्स डेलीगेट्स का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इन शिल्पों में बौद्ध परंपरा, जातक कथाओं, प्रकृति, पशु-पक्षियों तथा तत्कालीन सामाजिक जीवन से जुड़े अनेक दृश्य अंकित है।



### हजारों वर्ष पुरानी विरासत को अपनी आंखों से देखना अविस्मरणीय अनुभव

सांची का महत्व केवल ऐतिहासिक ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक भी है। भगवान बुद्ध के शांति, अहिंसा, करुणा और मानवता के संदेश से जुड़े इस विश्व धरोहर ने ब्रिक्स डेलीगेट्स को विशेष रूप से प्रभावित किया। ब्रिक्स डेलीगेट्स ने सांची को ऐसी ऐतिहासिक धरोहर बताया, जहां प्राचीन भारत की संस्कृति के साथ विश्व शांति का संदेश भी महसूस किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुस्तकों और तस्वीरों में किसी ऐतिहासिक स्थल को जानना अलग अनुभव है, लेकिन सांची पहुंचकर हजारों वर्ष पुरानी विरासत को अपनी आंखों से देखना अविस्मरणीय अनुभव है। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के अपर मुख्य प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला, भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा, मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध निदेशक इलैया राजा टी, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के अतिरिक्त प्रबंध निदेशक अभय बेडेकर तथा भोपाल से आए वरिष्ठ अधिकारीगण, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### 127 करोड़ का मेंटल-इंस्टीट्यूट 4 डॉक्टर; रोज औसत 5 मरीज, डायरेक्टर कह रहे-

# मेंटल हेल्थ के मामलों में लोग आने में झिझकते हैं

**ब्रह्मास्त्र ›› सीहोर/भोपाल**

सीहोर-भोपाल हाईवे पर 127 करोड़ की लागत से बने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान की अगर एक लाइन में व्याख्या करनी हो तो वो होगी- नाम बड़े और दर्शन छोटे। इस संस्थान का ढांचा तो शानदार है, लेकिन यहां डॉक्टरों की संख्या एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से भी कम है। असिस्टेंट प्रोफेसर लेवल के केवल 4 डॉक्टर हैं।

नेशनल इंस्टीट्यूट होने के बाद भी मरीजों को भर्ती करने की सुविधा भी नहीं है। नतीजा : ये रैफरल सेंटर बनकर रह गया है। गंभीर मरीज एम्स भोपाल या ग्वालियर मेंटल अस्पताल भेजे जा रहे हैं। यहां रोज औसतन 5 मरीज ही पहुंच रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 में ओपीडी में कुल 162 मरीज पहुंचे थे। 5 साल बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी मरीजों की संख्या 1,662 ही रही। संस्थान की ओपीडी में सबसे ज्यादा सीजोफ्रेनिया पीड़ित पहुंच रहे हैं। इसके बाद डिप्रेशन, गंभीर एंग्जायटी और ओसीडी के मरीज हैं।



### 5 साल में भी दो प्रोफेसरों की भर्ती नहीं कर पाए

5 साल में भी दो प्रोफेसरों की भर्ती नहीं कर पाए, अब होल्ड एनआईएचएमआर में मानसिक रोग से पीड़ित मरीजों को ट्रीटमेंट मुहैया कराने दो प्रोफेसर स्तर के डॉक्टर्स की भर्ती होना थी। लेकिन, संस्थान की शुरूआत के पांच साल बीतने के बाद भी दोनों पदों पर डॉक्टर्स की नियुक्ति नहीं हो पाई। इस कारण केंद्र सरकार ने दोनों खाली पदों पर भर्ती को होल्ड कर दिया है। प्रतिबंध को हटवाने के लिए संस्थान प्रबंधन ने सामाजिक न्याय मंत्रालय से गुहार लगाई है। संस्थान में फेज-1 में जो सुविधाएं शुरू की जाना थीं, वे सभी संचालित हो रही हैं। फेज-2 के तहत जल्द डॉक्टर्स और स्टाफ की भर्ती की जाएगी। मरीजों की संख्या कम होने का प्रमुख कारण आम आदमी में मानसिक रोग से पीड़ित होने की स्वीकारोक्ति नहीं होना है। मानसिक रोग की पहचान और व्यक्ति को इलाज के लिए तैयार करना चुनौती है।

**- डॉ. अखिलेश कुमार शुक्ला, डायरेक्टर, एनआईएमएचआर**

### मरीजों को कोई देखने वाला ही नहीं

ओपीडी बिल्डिंग में क्लीनिकल लैब के नजदीक गैलरी में 30 से ज्यादा व्हीलचेयर रखी हुई हैं, जो नई दिखती हैं। लगता है, इन्हें खोला भी नहीं गया। लैब में मरीजों की थैरेपी में काम आने वाले अत्याधुनिक मेडिकल इंस्ट्रूमेंट तो इंस्टॉल हैं, लेकिन यहां न मरीज हैं न ही मनोचिकित्सक। सीहोर से आने वाले मानसिक रोगियों को लगाना पड़ता है 9 किमी का चक्कर सीहोर मरीजों को यहां आने के लिए 9 किमी का चक्कर लगाना पड़ता है। क्योंकि हाइवे पर सीहोर से आने वाले मरीजों के लिए संस्थान के सामने कोई कट प्वाइंट नहीं है। इतना ही नहीं भोपाल की ओर से आने वाले मरीजों के लिए यहां कोई बस स्टॉप भी नहीं बनाया गया है। यहां डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर सहित 10 अफसर और कर्मचारी ही स्थायी हैं। साइकाट्रिस्ट व काउंसलर्स के 20 पद खाली हैं। स्टाफ की कमी दूर करने के लिए अस्थायी जुगाड़ किया गया है।

# सुवासरा में व्यापारियों ने बाजार बंद किया, ट्रक में तोड़फोड़

### पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिलाध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर**



सुवासरा में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष शंभू लाल उर्फ प्रिंस सूर्यवंशी और उनके साथियों पर व्यापारियों को गाली-गलौज करने और एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगा है। इसके विरोध में व्यापारियों ने शुक्रवार से सुवासरा नगर को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया। प्रिंस सूर्यवंशी की गुंडागर्दी के खिलाफ गुस्साए व्यापारी सभा चौक पर एकत्र हुए और पैदल मार्च करते हुए पेट्रोल पंप चौपाटी पहुंचे, जहां उन्होंने चक्काजाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंचे एसडीओपी दिनेश प्रजापति ने समझाइश देने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शन के दौरान किसी असामाजिक तत्व ने गुजर रहे ट्रक पर पत्थर मार दिया। माहौल तनावपूर्ण होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा और रास्ते का आवागमन चालू करवाया।

आरोप है कि प्रिंस सूर्यवंशी, श्याम सूर्यवंशी और करीब 10 अन्य युवकों ने दुकान पर बैठे व्यापारियों के साथ अभद्रता की और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। गुरुवार को व्यापारियों ने पुलिस को आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। देर रात एसडीओपी ने बातचीत की, लेकिन व्यापारी आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े रहे।प्रिंस सूर्यवंशी पर पहले भी दुकानदारों को फर्जी मुकदमों की धमकी देकर ब्लैकमेल करने, सरकारी काम में बाधा डालने और अधिकारियों से अभद्रता करने के आरोप लग चुके हैं। व्यापारियों का साफ कहना है कि जब तक सभी आरोपियों पर मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक बाजार पूरी तरह बंद रहेगा।

# दर्द के बावजूद नहीं रुकी भोले की भक्ति धाराजी से देवास पहुंची बोल बम कांवड़ यात्रा

### पैरों में बंधे घुंघरू, कांवड़ में भी छनकती भक्ति

**ब्रह्मास्त्र ›› देवास**



धाराजी से निकली बोल-बम कांवड़ यात्रा शनिवार शाम करीब 6:45 बजे देवास पहुंची। इस यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच भक्ति का एक अनोखा रूप देखने को मिला, जहां कई कांवड़ यात्री अपने पैरों और कांवड़ों में घुंघरू बांधकर चल रहे थे। उनके हर कदम के साथ घुंघरुओं की आवाज वातावरण में गूंज रही थी।

इस यात्रा की एक खास बात यह थी कि कुछ कांवड़ यात्रियों के पैरों में चोट या दर्द के कारण पट्टियां बंधी हुई थीं। इसके बावजूद उन्होंने अपने पैरों से घुंघरू नहीं उतारे और उसी उत्साह के साथ कांवड़ लेकर आगे बढ़ते रहे। यह उनके लिए भगवान भोलेनाथ के प्रति गहरी आस्था और समर्पण का प्रतीक था।

मानसा निवासी कांवड़ यात्री अभिनंदन ने इस बारे में बताया। उनके अनुसार, पैरों में घुंघरू बांधकर यात्रा करना भोलेनाथ की भक्ति का एक स्वरूप है। चलते समय घुंघरुओं की लगातार आवाज मन को एकाग्र रखती है और यात्रा के दौरान ध्यान भटकने नहीं देती। कांवड़ में भी घुंघरू बांधने का उद्देश्य इसी भक्ति भाव को बनाए रखना है।

अभिनंदन ने यह भी बताया कि लंबी यात्रा के कारण पैरों में दर्द और थकान होना स्वाभाविक है। कई बार उन्हें पैरों में पट्टी भी बांधनी पड़ती है, लेकिन उनकी आस्था के सामने शारीरिक दर्द गौण हो जाता है। उनके लिए घुंघरू इस यात्रा की पहचान बन गए हैं, इसलिए दर्द होने पर भी वे उन्हें उतारना नहीं चाहते।

धाराजी से देवास तक की इस यात्रा में बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री शामिल हुए। कुछ यात्री अपनी कांवड़ों को आकर्षक ढंग से सजाकर चल रहे थे, तो कुछ पूरे रास्ते ₹बोल-बम₹ और ₹हर-हर महादेव₹ के जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। घुंघरुओं की छनक ने इस भक्तिमय माहौल को और भी विशेष बना दिया।

पैरों में बंधे घुंघरू और कांवड़ों से आती झंकार के बीच, श्रद्धालुओं के कदम बिना रुके लगातार अपनी मंजिल की ओर बढ़ते रहे, जो उनकी अटूट श्रद्धा को दशार्ता है।

# टढ के 3 जिलों में हैवी रेन का अलर्ट- भोपाल, इंदौर-उज्जैन में बूंदाबांदी



**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

मध्य प्रदेश के ऊपर से मानसून टर्फ गुजर रही है। इस वजह से 3 जिले- दतिया, रीवा और सीधी में रविवार को हैवी रेन यानी, भारी बारिश का अलर्ट है। यहां अगले 24 घंटे में 4 इंच तक पानी गिर सकता है। हालांकि, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत अन्य जिलों में बूंदाबांदी का दौर ही रहेगा।

मौसम केंद्र के अनुसार, 8 अगस्त से पश्चिमी बंगाल और उससे सटे राज्यों में साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) के प्रभाव से लोक प्रेशर एरिया बन गया है। यह आने वाले दिनों में मजबूत होगा। जिससे प्रदेश के कुछ जिलों में तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

शनिवार को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश रिकॉर्ड की गई। नरसिंहपुर में सबसे ज्यादा 3 इंच पानी गिर गया। श्योपुर में 2.8 इंच, रीवा में 2.2 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा शिवपुरी, सीधी, नर्मदापुरम, बालाघाट, छतरपुर, सागर, गुना, रायसेन, नर्मदापुरम, मंडला, ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़, उमरिया, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सतना, शाजापुर समेत कई जिलों में भी बारिश का दौर रहा। शिवपुरी जिले में शुक्रवार रात तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए। पिछोर इलाके में रात 1 से 3 बजे तक हुई भारी बारिश के बाद महुअर नदी का जल स्तर बढ़ गया। इससे खोड़-पिछोर मार्ग बंद हो गया और गुरुकुदवाया समेत कई गांवों में पानी घुस गया।

# युवती को अगवा कर गैंगरेप झाड़ियों में निर्वस्त्र मिली

**ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर**

ग्वालियर में 19 वर्षीय युवती के अपहरण और गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने उसे जबरन ऑटो में बैठाया और पानी में नशीली दवा मिलाकर पिलाई। इसके बाद वह बेहोश हो गई। युवती का आरोप है कि बेहोशी की हालत में दोनों ने उसके साथ गलत काम किया।

मामले में शिकायत दर्ज कराने के लिए युवती को तीन थानों तक जाना पड़ा। वह सबसे पहले गिरवाई थाने पहुंची, लेकिन वहां महिला अधिकारी मौजूद नहीं होने की बात कहकर उसे दूसरे थाने जाने के लिए कहा गया। इसके बाद परिजन उसे माधौगंज थाने लेकर पहुंचे।

वहां महिला अधिकारी की मौजूदगी में उसकी शिकायत सुनी गई और शून्य पर एफआईआर दर्ज की गई। घटना की शुरूआत विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के अल्कापुरी चौराहे से होने के कारण केस डायरी विश्वविद्यालय थाने भेजी गई। केस डायरी मिलते ही शनिवार को विश्वविद्यालय पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

घटना 4 अगस्त की सुबह करीब 10:30 बजे की है। युवती महाराज बाड़े जाने के लिए निकली थी। अल्कापुरी चौराहे के पास आरोपी छोटू खान अपने ऑटो के साथ पहुंचा और उसे ऑटो में बैठने के लिए कहने लगा। युवती ने ऑटो में बैठने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद छोटू खान ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान ऑटो की पिछली सीट पर बैठे नरेश कुशवाह ने युवती का हाथ पकड़ लिया और उसे जबरन ऑटो में खींचकर बैठा लिया। इसके बाद दोनों आरोपी उसे लेकर वहां से चले गए।

**जबरन बोतल से पानी पिलाया, बेहोश हुई युवती–** ऑटो में बैठाने के बाद दोनों आरोपियों ने युवती के साथ अभद्रता की और उसे जबरन बोतल से पानी पिलाया। युवती के मुताबिक, पानी में संभवतः नींद या नशे की दवा मिली हुई थी। पानी पीने के बाद वह बेहोश हो गई। युवती का आरोप है कि बेहोशी की हालत में दोनों युवकों ने उसके साथ गलत काम किया।

# केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने राजस्थान से नशे की 22 हजार गोलियां जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ›› नीमच**

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) मप्र इकाई ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में दो अलग-अलग जगह पर कार्रवाई कर नशीली दवाओं की बड़ी खेप पकड़ी। टीम ने 22 हजार ट्रामाडोल टैबलेट और 190 ग्राम अफीमयुक्त गोलियों के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सीबीएन की टीम ने चिकारड़ा-मंडफिया मार्ग पर एक बस को रोककर तलाशी ली। इसमें सफर कर रहे दो संदिग्ध यात्रियों के बैग से 12 हजार ट्रामाडोल टैबलेट मिली। इसके बाद टीम ने दोनों को गिरफ्तार किया। दूसरी कार्रवाई में मंडफिया स्थित होटल चेतक पैलेस के कमरा नंबर 104 में दबिश दी। इसमें रखे नीले ट्रॉली बैग की जांच करने पर उसमें से 10 हजार ट्रामाडोल टैबलेट मिलीं। बैग से 190 ग्राम अफीमयुक्त कामिनी विद्रावण रस की गोलियां भी मिलीं। कमरे में मौजूद दोनों व्यक्ति इन दवाओं का कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सके। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर माल जब्त किया।



## अवैध खनन पर 2.91 लाख रुपए का जुर्माना, पर वसूली भूले अफसर

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने अवैध खनन के मामले में जुमार्ना लगाए जाने के बावजूद उसकी वसूली न करने और इससे राज्य सरकार को हो रही आर्थिक क्षति पर कड़ा रुख अपनाया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की बेंच ने टीकमगढ़ निवासी अजय प्रताप सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए टीकमगढ़ कलेक्टर को जुमार्ना राशि की वसूली के लिए तुरंत वैधानिक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं। माइनिंग अधिकारी ने नियम विरुद्ध खनन गतिविधियों पर अनावेदक राजा राम राय पर 2.91 लाख का जुमार्ना लगाया था। बावजूद इसके प्रशासनिक अधिकारियों ने वसूली के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया और जिससे सरकारी खजाने को सीधा नुकसान पहुंच रहा था।

## साजन के सेट माधुरी को निहारते थे संजय दत्त




1991 में रिलीज हुई फिल्म साजन अपनी कहानी, गानों और संजय दत्त, सलमान खान व माधुरी दीक्षित की तिकड़ी के कारण सुपरहिट रही। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान संजय और माधुरी के कथित अफेयर की खबरों ने भी सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिल्म के निर्देशक लॉरेंस डिसूजा ने इन चचाओं पर खुलकर बात की है।

उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान टीम काम और मस्ती में व्यस्त थी, इसलिए उन्हें दोनों के रिश्ते की अफवाहों पर ध्यान देने का मौका नहीं मिला। हालांकि, निर्देशक ने दिलचस्प वाकया जरूर याद किया, जब संजय कैमरे से माधुरी के क्लोजअप देखते थे। फिल्म ह्यसाजनह्ल की शूटिंग के दौरान संजय दत्त और माधुरी दीक्षित के कथित रिश्ते की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को पसंद आई थी और इसी वजह से उनके ऑफ-स्क्रीन रिश्ते को लेकर भी तरह-तरह की अटकलें लगाई गईं। हालांकि, फिल्म के निर्देशक लॉरेंस डिसूजा का कहना है कि सेट पर मौजूद लोगों के लिए ये चचाएं कोई बड़ी बात नहीं थीं।

हाल ही में विक्की लालवानी को दिए इंटरव्यू में लॉरेंस डिसूजा ने कहा कि पूरी टीम फिल्म बनाने में इतनी व्यस्त और खुश थी कि उन्हें इस तरह की बातों पर ध्यान देने का मौका ही नहीं मिला। उनके मुताबिक, शूटिंग के दौरान सभी लोग खूब मस्ती करते थे और फिल्म कब पूरी हो गई, इसका भी उन्हें एहसास नहीं हुआ। हालांकि, निर्देशक ने संजय दत्त का एक दिलचस्प व्यवहार जरूर याद किया। लॉरेंस डिसूजा फिल्म के निर्देशक होने के साथ-साथ इसके कैमरामैन की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। उन्होंने बताया कि जब वह माधुरी दीक्षित के क्लोजअप शूट करते थे, तब कई बार संजय दत्त कैमरे के पास आकर उन्हें देखते थे।

डायरेक्टर के मुताबिक, संजय कैमरे के जरिए माधुरी को देखते थे, लेकिन उन्होंने उस समय कभी यह सोचने की कोशिश नहीं की कि दोनों के बीच वास्तव में कुछ चल रहा है या नहीं। यानी सेट पर संजय का माधुरी के क्लोजअप देखना निर्देशक को जरूर याद रहा, लेकिन उन्होंने इसे किसी रिश्ते से जोड़कर नहीं देखा।

### 1993 में संजय दत्त की गिरफ्तारी के बाद अलग होने की खबरें आईं



संजय दत्त और माधुरी दीक्षित के कथित रिश्ते की चचाओं के बीच 1993 में संजय दत्त की गिरफ्तारी हुई। इसके बाद दोनों के अलग होने की खबरें सामने आईं। इंटरव्यू में जब लॉरेंस डिसूजा से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी खबरों के जरिए ही मिली थी। जब उनसे पूछा गया कि क्या माधुरी ने परिवार की आपत्ति के चलते संजय से दूरी बना ली थी, तो निर्देशक ने साफ कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने इस मामले पर किसी तरह की पुष्टि करने से इनकार किया।

## सोनाक्षी सिन्हा पर बीजेपी-सनातन विरोधी एजेंडा चलाने का दावा



सोनाक्षी सिन्हा को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस बीजेपी और सनातन धर्म को बदनाम करने का एजेंडा चला रही हैं। पोस्ट में सीजेपी के छात्र प्रदर्शन को समर्थन देने, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को कथित तौर पर धार्मिक वजह से अनफॉलो करने और फिल्ममेकर आदित्य धर के उनके बर्गर वाले पोस्ट पर हंसने वाले रिएक्शन का जिक्र है। साथ ही दावा है कि सोनाक्षी झारखंड के छात्रों के मुद्दे पर चुप हैं। हालांकि, फैक्ट-चेक में सामने आया कि इन घटनाओं में कुछ बातें सही हैं, लेकिन इन्हें जोड़कर सोनाक्षी के किसी बीजेपी या सनातन विरोधी एजेंडे का ठोस सबूत नहीं मिलता। वायरल पोस्ट में सोनाक्षी सिन्हा पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पोस्ट के मुताबिक, सोनाक्षी ने सीजेपी के छात्र प्रदर्शन का समर्थन इसलिए किया क्योंकि मामला कथित तौर पर बीजेपी के खिलाफ था। वहीं, झारखंड के छात्रों के मुद्दे पर उनकी चुप्पी को लेकर भी सवाल उठाया गया है। पोस्ट में यह भी दावा किया गया कि सोनाक्षी ने विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को सिर्फ इसलिए अनफॉलो किया, क्योंकि दोनों अपनी धार्मिक आस्था को फॉलो करते हैं। इसके अलावा फिल्ममेकर आदित्य धर के सोनाक्षी के बर्गर खाने वाले पोस्ट पर लाफिंग रिएक्शन को भी उनके खिलाफ जोड़कर पेश किया गया है।

# मृणाल ने क्रिकेटर यशस्वी संग डेटिंग पर तोड़ी चुप्पी, एक्ट्रेस बोलीं- भाई आराम करो

## वायरल वीडियो के बाद अफवाहें तेज हुईं

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल इन दिनों अपनी कथित डेटिंग को लेकर चर्चा में हैं। दोनों को मुंबई के बांद्रा स्थित एक कैफे के आसपास देखे जाने के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसके आधार पर दोनों के रिश्ते को लेकर अटकलें लगने लगीं।

खास बात यह है कि यशस्वी उम्र में मृणाल से करीब 10 साल छोटे हैं। हालांकि, इस वायरल वीडियो के बाद दोनों के रिश्ते की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। अब मृणाल ठाकुर ने खुद इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया देकर स्थिति साफ करने की कोशिश की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल दावों को लेकर लोगों से कहा कि वे थोड़ा आराम करें और बिना पुष्टि के ऐसी बातें फैलाने से बचें।

मृणाल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल के कथित रिश्ते की चर्चा जुलाई के आखिर में शुरू हुई थी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें मृणाल को मुंबई के बांद्रा वेस्ट इलाके के एक कैफे से निकलते हुए दिखाया गया। इसके बाद वीडियो को यशस्वी जायसवाल से जोड़ते हुए तरह-तरह के दावे किए जाने लगे। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे दोनों की डेटिंग का सबूत तक बताना शुरू कर दिया। हालांकि, उस समय उपलब्ध जानकारी में ऐसी किसी डेट की पुष्टि नहीं हुई थी।



### वीडियो को लेकर उठे सवाल

वायरल क्लिप के आधार पर सोशल मीडिया पर यह दावा किया गया कि मृणाल और यशस्वी एक ही जगह पहुंचे थे और बाद में अलग-अलग वहां से निकले। इसी बात ने अफवाहों को और हवा दी। हालांकि, कुछ सोशल मीडिया चचाओं में यह भी दावा किया गया कि वायरल क्लिप को अलग-अलग वीडियो को जोड़कर तैयार किया गया था। इसलिए वीडियो को दोनों के रिश्ते का पक्का सबूत मानना सही नहीं था।

### अब मृणाल ने खुद दिया जवाब



लगातार चल रही इन अफवाहों के बीच मृणाल ठाकुर ने अब सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने वायरल दावों को लेकर साफ तौर पर नाराजगी जताई और लिखा- 'इ१ङ्ग पी'७' यानी भाई, थोड़ा आराम करो। उनकी प्रतिक्रिया का अंदाज यह बताता है कि वह इस तरह की अटकलों को गंभीरता से नहीं ले रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया यूजर्स से बिना पुष्टि के किसी की निजी जिंदगी को लेकर निष्कर्ष निकालने से भी बचने का संदेश दिया।

### ट्रोलिंग पर भड़की प्रिया रेवाड़ी बोलीं- गलत कहने पर पीटूंगी

हरियाणवी स्टेज डांसर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर प्रिया रेवाड़ी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। प्रिया ने कहा, झज्जर के मांडोठी गांव की अभ्रदता से जुड़ी पुरानी वीडियो शेयर की जा रही है। ट्रोलर्स ने ये बंद नहीं किया तो उन्हें पीटूंगी। ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता, दर्शकों में मेरी अभी भी डिमांड बनी हुई है। कार्यक्रमों में डांस को गंदा बताने वाले लोग ही वहां आकर पैसे उड़ाते हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर गंदी बातें बोलते हैं। फ्यूचर प्लानिंग पर प्रिया ने कहा, अब मैंने अपने डांस में दो नए स्टेप भी जोड़े हैं। अपना पुराना बैक स्टैप बंद नहीं करूंगी। मेरे प्रोग्राम घर में बैठीं महिलाएं भी देखती हैं।

**ट्रोलर्स मुझे परेशान कर रहे:** प्रिया रेवाड़ी ने बताया कि मांडोठी गांव में एक पुराने शो में मेरे साथ अभ्रदता की गई थी। अब उसकी वीडियो कुछ ट्रोलर्स सोशल मीडिया पर लगातार शेयर कर मुझे परेशान करने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें भावना भाटी नाम की एक ट्रोलर भी शामिल हैं। प्रिया ने आगे कहा, भावना ने मेरी वीडियो 4-5 बार अलग-अलग तरीके से शेयर की। अगर भावना ने ऐसा करना बंद नहीं किया तो मैं पुलिस में शिकायत दर्ज कराऊंगी।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स



पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!

कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो भूत वाली मूवी देखो... कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**बाएं से दाएं**
1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | र | ह | म | त | ■ | म | ■ | ■ |
| ■ | ह | ■ | द | ■ | प | न | ब | ट |
| म | ब | ल | ■ | वी | ग | न | ■ | क |
| ■ | र | क्षी | ब | ■ | या | ■ | ना | ग |
| म | ■ | र | अ | न | प | ट | ■ | ब |
| र | वि | ■ | ब | ■ | न | ह | र | ■ |
| ह | ■ | म | ज | क | ■ | ली | वा | ला |
| ह | फ | ज | अ | ■ | सा | ■ | थ | ■ |
| ■ | ■ | ही | ■ | ग | फ | ल | त | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | 46 / 35 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र्म | मे | रि | दु | ला | रा | ल | क | लं | क |
| बू | खु | क | द | ई | जी | क | शि | या | इ | नी |
| त | पी | जा | स्ते | र | ग | वा | ल | ह | प | ल |
| र | ज | ए | रा | जा | बा | दू | ल | यु | लि | प्रे |
| व | र | रा | जा | जी | क | ला | कि | यो | ग | म |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | ला | शी | ह | गी | रा |
| न | अ | ल | रा | व | मा | जो | ई | व | प | ति |
| क | रि | ल | र | क | र | ह | त्या | ल | वि | क |
| र | क | ल | श | रा | ब | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ज | ल | मो | मा | व | ति | क | री | टि | जो |
| बां | क | र | तू | त | व | ले | स | क | म | र |

शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढ़िए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल .... का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## धर्मेंद्र प्रधान बोले- जेन-जी को भटकाने की कोशिश हुई

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार अपने इस्तीफे पर बयान दिया। उन्होंने कहा, जेन-जी हमारे ही बच्चे हैं। कुछ लोगों ने उन्हें भटकाने की कोशिश की। मैंने पीएम मोदी से बातचीत करने के बाद ही पद छोड़ा। उन्होंने कहा, द्यभारत में हर साल कम से कम दो करोड़ बच्चे जन्म लेते हैं। पिछले 10 सालों में 20 करोड़ बच्चे पैदा हुए हैं। उनके सपने हैं। वे भारत को विश्व गुरु बनाएंगे। मेरे लिए पद जरूरी नहीं था। प्रधान ने ये बात शनिवार को भुवनेश्वर की यूनिवर्सिटी में कही। यहां उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान बीजू जनता दल के कार्यकताओं ने नारेबाजी की। ठएएळ पेपर लीक पर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के 35 दिन बाद प्रधान ने 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। प्रधान ने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और इखऊ अध्यक्ष नवीन पटनायक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैं सीजेपी कार्यकताओं के प्रदर्शन और उनकी नारेबाजी से परेशान नहीं हूं। मैं किसान का बेटा हूं। आप मुझे वापस जाने के लिए कहेंगे, तब भी मैं वापस आऊंगा। मैंने ओडिशा के 4.5 करोड़ लोगों का सिर कभी शर्म से नहीं झुकने दिया। जब तक मैं जिंदा हूं, तब तक मुझ पर जताए गए भरोसे को नहीं तोड़ूंगा और ऐसा कोई काम नहीं करूंगा, जिससे ओडिशा के गौरव और स्वाभिमान को ठेस पहुंचे। मैंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की और प्रदर्शनकारियों की मांगें मानने के लिए उनकी मंजूरी मांगी। प्रधानमंत्री सहमत हुए और बाद में युवाओं से बातचीत भी की। फिर मैंने इस्तीफा दिया।

## अमरनाथ यात्रा 20 दिन पहले रोकी गई

**जम्मू।** बाबा अमरनाथ की यात्रा तय समय से 20 दिन पहले रोक दी गई है। लगातार बारिश और लैंडस्लाइड के कारण रास्ते खराब हो जाने के कारण यह फैसला लिया गया। अब जो जत्थे यात्रा पर हैं, उन्हीं की यात्रा पूरी कराई जाएगी। नए जत्थे नहीं भेजे जाएंगे। अब तक 4.8 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

डिविजनल कमिश्नर कश्मीर अंशुल गर्ग ने बताया कि अगले कुछ दिनों में खराब मौसम का पूवार्नुमान जारी किया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 9 अगस्त से दोनों रूट पर यात्रा रोकने का फैसला किया गया है। यात्रा भले ही 9 अगस्त से श्रद्धालुओं के लिए बंद हो जाएगी, लेकिन पारंपरिक छड़ी मुबारक कार्यक्रम के साथ इसका धार्मिक समापन होगा। पवित्र छड़ी 28 अगस्त को पारंपरिक पहलगाम मार्ग से अमरनाथ गुफा तक जाएगी और इसी के साथ अमरनाथ यात्रा-2026 का औपचारिक समापन होगा। अमरनाथ का हिम शिवलिंग किसी बर्फ के ब्लॉक को तराशकर नहीं बनाया जाता, बल्कि यह प्राकृतिक आइस स्टैलेग्माइट है। जैसे चूना-पत्थर की गुफाओं में जमीन से खनिज जमा होकर स्टैलेग्माइट बनते हैं, उसी तरह अमरनाथ गुफा में छत से टपकने वाला पानी जमकर बर्फ का शिवलिंग बनाता है। इसका आकार हर साल मौसम, तापमान और पानी की उपलब्धता के अनुसार अलग-अलग होता है। यही इसकी सबसे अनोखी विशेषता है।

## हल्द्वानी की रेनू के बाल 8 फीट 10 इंच लंबे:दुनिया में सबसे लंबे बालों का रिकॉर्ड बनाया

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी की रेनू धरियाल ने अपने 8 फीट 10 इंच लंबे बालों के चलते दुनिया में पहचान बनाई है। उनके बालों की लंबाई 271.50 सेंटीमीटर दर्ज की गई है। इसके साथ ही रेनू का नाम प्रतिष्ठित जीनियस वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। उन्होंने यूक्रेन की आलिया नासिरोवा का रिकॉर्ड तोड़ा है। आलिया के बाल 257.33 सेंटीमीटर यानी 8 फीट 5.3 इंच लंबे थे। रेनू लंबे बालों को लेकर सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं। वह यूट्यूब चैनल के जरिए महिलाओं को बालों की देखभाल और घरेलू हेयर केयर के टिप्स देती हैं। उनका कहना है कि उन्होंने 2015 से बाल बढ़ाना शुरू किया और तब से उन्हें कटवाया नहीं है। रेनू के रिकॉर्ड की पुष्टि अप्रैल में हुई, जब जीनियस वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम उनकी बालों की लंबाई मापने के लिए हल्द्वानी पहुंची। माप में उनके बालों की लंबाई 271.50 सेंटीमीटर यानी 8 फीट 10 इंच दर्ज की गई। इस उपलब्धि के साथ रेनू ने यूक्रेन की आलिया नासिरोवा को पीछे छोड़ दिया। आलिया के नाम 257.33 सेंटीमीटर लंबे बालों का रिकॉर्ड दर्ज था।

## जालंधर में 140 की स्पीड में कैंटर से भिड़ी कार:3 युवकों की मौत

**जालंधर।** जालंधर में शनिवार सुबह करीब 6 बजे 140 की स्पीड में जा रही कार सड़क पर खड़े कैंटर से जा भिड़ी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दो की लाश कार के अंदर फ्रंट सीट पर, तो एक की लाश रोड पर जा गिरी। हादसा इतना खतरनाक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार की छत टूटकर अलग हो गई, नंबर प्लेट भी दूर जा गिरी। एयर बैग भी खुल गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसी लाशों को बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। हादसा मकसूदां में बल अस्पताल के पास हुआ।

# प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति से फोन पर बात की

### भारत-अमेरिका साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा; वेंस को बेटे के जन्म पर बधाई दी



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने शनिवार रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से फोन पर बातचीत की। मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। मोदी ने लिखा, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का फोन आया। हमने प्रमुख क्षेत्रों में भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।द्ब

उन्होंने वेंस को बेटे के जन्म पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। दरअसल, 19 जुलाई को जेडी वेंस चौथी बार पिता बने थे। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 3 से 7 मार्च 2025 तक भारत में थे। उनके साथ-साथ उनकी पत्नी उषा और तीनों बच्चे- इवान, विवेक और मिराबेल भी भारत आए थे।

### ट्रम्प भी 2027 की शुरूआत में भारत आ सकते हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प साल 2027 की शुरूआत में भारत आ सकते हैं। 27 जून को व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने ये बयान दिया। ये ट्रम्प की राष्ट्रपति रहते हुए दूसरी भारत यात्रा हो सकती है। इससे पहले ट्रम्प साल 2020 में पहली बार भारत यात्रा पर आए थे। वे अहमदाबाद में 'नमस्ते ट्रम्प' कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

जेडी वेंस की पत्नी ऊषा का जन्म और स्कूली शिक्षा सैन डिएगो में हुआ है। उनके माता-पिता 1980 के दौरान आंध्र से अमेरिका आकर बसे गए थे। अमेरिका में रहने के बावजूद उनके माता-पिता ने वहां की मॉडर्न संस्कृति से प्रभावित हुए बिना उन्हें भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म के अनुसार शिक्षा और संस्कार दिए। बाद में वेंस भी इन संस्कारों से प्रभावित हुए।

# एच-1बी वीजा वालों की नौकरी गई तो अमेरिका छोड़ना पड़ेगा, नई नौकरी तलाशने की 60 दिन की मोहलत खत्म

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिंगटन




अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम कर रहे विदेशी कर्मचारियों की मुश्किल बढ़ सकती है। अमेरिकी सरकार नौकरी जाने के बाद नई नौकरी तलाशने के लिए मिलने वाली 60 दिन की मोहलत खत्म करने पर विचार कर रही है। अगर यह बदलाव लागू होता है तो नौकरी जाने के बाद अमेरिका में रुकना मुश्किल हो सकता है।

यह प्रस्ताव फिलहाल व्हाइट हाउस के ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट को भेजा गया है। अभी यह नियम नहीं बना है। दिए गए आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में ल्ल-1इ वीजा पर काम कर रहे करीब 5 लाख भारतीयों पर इसका असर पड़ सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसी साल मई में यह मामला अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के सामने उठाया था। रूबियो ने माना था कि नए इमिग्रेशन सिस्टम में बदलाव के दौरान कुछ दिक्कतें और तनाव हो सकते हैं।

हालांकि, रूबियो ने कहा था कि अमेरिका इमिग्रेशन सिस्टम को ज्यादा प्रभावी बनाने की कोशिश कर रहा है और लंबे समय में इसका फायदा सभी पक्षों को मिलेगा। रूबियो ने यह भी कहा था कि यह कदम खासतौर पर भारत को निशाना बनाकर नहीं उठाया गया।

उनके मुताबिक अमेरिका पिछले कुछ सालों में बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासियों की समस्या से जूझ रहा है। 2 करोड़ से ज्यादा लोग गैरकानूनी तरीके से अमेरिका में दाखिल हुए और उसी चुनौती से निपटने के लिए यह बदलाव किए जा रहे हैं। अमेरिका में रह रहे भारतीय ल्ल-1इ वीजा धारकों समेत लाखों लोगों के लिए ग्रीन कार्ड पाने का नया मौका मिल सकता है।

अमेरिकी सीनेट में एक ऐसा विधेयक पेश किया गया है, जिसमें पिछले 7 साल से लगातार अमेरिका में रह रहे लोगों को ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने की अनुमति देने का प्रस्ताव है।

ग्रीन कार्ड अमेरिका में स्थायी रूप से रहने और काम करने की अनुमति देने वाला आधिकारिक दस्तावेज है। इसे आधिकारिक तौर पर परमानेंट रेजिडेंट कार्ड कहा जाता है।

### नौकरी गई तो तुरंत अमेरिका नहीं छोड़ना पड़ता

अगर किसी कर्मचारी की नौकरी चली जाती है, तो उसे उसी समय अमेरिका छोड़ने की जरूरत नहीं होती। मौजूदा नियमों के मुताबिक, उसे अधिकतम 60 दिन का समय मिल सकता है। इस दौरान वह नई नौकरी खोज सकता है या अमेरिका में अपना स्टेटस बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठा सकता है। इस दौरान कर्मचारी दूसरी कंपनी में नौकरी खोज सकता है। नई कंपनी उसके लिए H-1B की अर्जी लगा सकती है। नियमों के तहत, कुछ मामलों में कर्मचारी अर्जी मंजूर होने का इंतजार किए बिना नई कंपनी में काम शुरू कर सकता है।

# पाकिस्तान-सऊदी-तुर्किये के बीच नॉटो जैसा रक्षा समझौता



### एक पर हमला तीनों पर माना जाएगा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ रियाद

'एक पर हमला, मतलब तीनों पर हमला।' इसी सिद्धांत के साथ पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये ने शुक्रवार को 'मक्का जॉइंट डिफेंस पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता सिर्फ रक्षा सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि तीनों देशों के बीच सैन्य और रणनीतिक गठजोड़ को नए स्तर पर ले जाने की कोशिश माना जा रहा है।

समझौते के तहत तीनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास करेंगे, खुफिया जानकारी साझा करेंगे, सुरक्षा तालमेल बढ़ाएंगे और क्षेत्रीय चुनौतियों से मिलकर निपटने की रणनीति बनाएंगे। दशकों तक अमेरिका पर सुरक्षा के लिए भरोसा करने वाले पश्चिम एशिया के कई देश अब नए विकल्प तलाश रहे हैं। पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुआ यह रक्षा समझौता भी उसी बदलते माहौल का हिस्सा माना जा रहा है।

अल जजीरा के मुताबिक, सऊदी अरब और कुछ हद तक तुर्किये लंबे समय से अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने साफ कह दिया है कि अब उसके सहयोगी देशों को अपनी सुरक्षा का बोझ खुद उठाना होगा। इस बदले रुख ने सहयोगी देशों को अपने सुरक्षा समीकरण नए सिरे से बनाने पर मजबूर कर दिया है। इसके अलावा, मिडिल ईस्ट के कई देशों का मानना है कि अमेरिका की क्षेत्रीय नीति में इजराइल को सबसे ज्यादा प्राथमिकता मिलती है। ऐसे में सऊदी अरब समेत कई देश अब सिर्फ अमेरिका पर निर्भर रहने के बजाय अपने क्षेत्रीय रक्षा गठजोड़ मजबूत करने की रणनीति अपना रहे हैं।

### मक्का जॉइंट डिफेंस पैक्ट

**पाकिस्तान-सऊदी-तुर्किये**

1. **किसी एक पर हमला होता है,** तो उसे तीनों देशों पर हमला माना जाएगा।
2. **किसी बाहरी हमले की स्थिति में** तीनों देश एक-दूसरे की सुरक्षा के लिए साथ खड़े होंगे।
3. **सैन्य तालमेल और रक्षा सहयोग** को और मजबूत किया जाएगा।
4. **तीनों देशों की सेना मिलकर** जवाब देने की क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम करेगी।
5. **आतंकवाद और दूसरे सुरक्षा खतरों** से निपटने में सहयोग करेंगे।

### अलग-अलग मोर्चों पर जूझ रहे तीनों देश

यह समझौता ऐसे समय हुआ है, जब मिडिल ईस्ट में इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। पाकिस्तान फरवरी से अफगानिस्तान के साथ सीमा पर संघर्ष में उलझा है। मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच भी कई दिनों तक सैन्य तनाव और फायरिंग हुई थी। वहीं, सऊदी अरब पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के हमलों की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। दूसरी ओर, तुर्किये लंबे समय से देश के भीतर और सीमा पार सक्रिय कुर्द हथियारबंद गुटों से लड़ रहा है। इजराइल के साथ भी उसके रिश्तों में तनाव बढ़ा है। ऐसे माहौल में तीनों देशों ने अपनी सैन्य क्षमताओं और सहयोग को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया है, ताकि क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों का मिलकर सामना किया जा सके।

# 2 हजार किमी की रफ्तार से बढ़ रहा डॉल्फिन तूफान

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ टोक्यो



जापान की ओर करीब 200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से डॉल्फिन तूफान बढ़ रहा है। इसकी वजह से 2.6 लाख लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के आदेश दिए गए हैं। जबकि 500 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हालात को देखते हुए टोयोटा ने भी अपनी 9 फैक्ट्रियों में काम रोक दिया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, डॉल्फिन कैटेगरी-1 का तूफान है। इसकी लगातार हवा की रफ्तार 144 किमी प्रति घंटा और झोंकों की रफ्तार 198 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रही है। यह तूफान क्यूशू और ओकिनावा के बीच स्थित द्वीपों की ओर बढ़ रहा है। तूफान की वजह से जापान का ओकिनावा द्वीप बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वहां छुट्टियां मनाने गए कई हांगकांग के पर्यटक उड़ानें रद्द होने के कारण फंस गए हैं। उन्हें अब जरूरी सामान की कमी, बिजली कटने और पानी की सप्लाई बाधित होने की आशंका का सामना करना पड़ रहा है।

## दिल्ली में 8 दिन में महीने भर जितनी बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक हफ्ते से रुक-रुककर बारिश हो रही है। इस महीने के शुरूआती 8 दिनों में दिल्ली में 230.1 मिमी बारिश हो चुकी है। यह अगस्त की सामान्य औसत बारिश 226.8 मिमी से ज्यादा है। दिल्ली में अगस्त महीने में 2024 के बाद यह सबसे ज्यादा बारिश है।

लगातार बारिश के कारण दिल्ली में कई जगह भारी ट्रैफिक जाम और जलभराव हुआ। कालिंदी कुंज बॉर्डर, क्ळड, प्रेस एन्क्लेव मार्ग, गीतांजलि मार्ग और महरौली-बदरपुर रोड पर यातायात प्रभावित रहा। पूर्वी दिल्ली के कुछ हिस्सों और रोड पर भी जाम की स्थिति रही।

# सरकार ने अरुणाचल की 27 जगह मैप में शामिल कीं

### चीन की वजह से ऐसा किया, इसने कई बार भारतीय इलाकों के नाम बदले

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश की 27 जगहों और उनकी भौगोलिक विशेषताओं को आधिकारिक नक्शे पर दर्ज किया। यह कदम चीन की ओर से राज्य की जगहों के नाम बदलने की कोशिशों के बीच उठाया गया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, यह काम अरुणाचल प्रदेश सरकार से सलाह लेकर किया गया है। इसका मकसद इन जगहों की सही पहचान बताना और आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। इन नामों को आधिकारिक मानचित्रों में शामिल करने का मकसद प्रशासन को बेहतर बनाना है। इससे सरकारी रिकॉर्ड में एकरूपता आएगी, अलग-अलग विभागों के बीच बेहतर तालमेल होगा और आपदा के समय मदद पहुंचाने में आसानी होगी।

हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि इन नामों के आधार पर लोगों के पासपोर्ट या दूसरे निजी दस्तावेजों में कोई बदलाव किया जाएगा। सरकार का मुख्य उद्देश्य इन क्षेत्रों की आधिकारिक पहचान तय करना और भारत के प्रशासनिक रिकॉर्ड में उन्हें शामिल करना है। चीन ने कई बार अरुणाचल प्रदेश की जगहों के चीनी नामों की सूची जारी करता रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश को जांगनान कहता है। भारत ने चीन की इन कोशिशों को लगातार खारिज किया है। भारत का कहना है कि इनका भारत की राज्य पर संप्रभुता पर कोई असर नहीं पड़ता।

# ईरान ने सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का वीडियो जारी किया

### जंग के बाद पहली बार दिखे, जमीन पर बैठे लोगों से बात करते नजर आए

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ ईरान



ईरान ने सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का एक वीडियो जारी किया है। जंग के बाद पहली बार सामने आए इस वीडियो में खामेनेई जमीन पर बैठे लोगों से बात करते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो ऐसे समय जारी किया गया है, जब उनकी तबीयत को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ रही थीं। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने यह वीडियो जारी किया। फुटेज में खामेनेई सामान्य नजर आ रहे हैं और लोगों से बातचीत करते दिख रहे हैं। दरअसल, इजराइली मीडिया ने हाल ही में दावा किया था कि खामेनेई की हालत बेहद गंभीर है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। इसके बाद ईरान की ओर से यह वीडियो जारी किया गया।

### हूती विद्रोहियों का यमन और सऊदी अरब पर हमला

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब और यमन में एक साथ बड़े हमले किए।

पहला हमला यमन सरकार के मिलिट्री ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हुआ, जिसमें 58 सैनिकों की मौत हुई और दर्जनों घायल हो गए। यमन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सही समय और सही जगह पर जवाब दिया जाएगा।

दूसरा हमला सऊदी के नजरान में हुआ, जिसमें 11 नागरिक घायल हुए। इनमें 7 सऊदी, एक यमनी, दो मिस्त्री, एक पाकिस्तानी नागरिक है। वहीं, एक 4 साल का एक बच्चा भी घायल हुआ है। हमलों के बाद नजरान के कई हिस्सों में आग लग गई। ईरान के एक सांसद ने दावा किया है कि होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच ओमान के जरिए बातचीत चल रही है। उनके मुताबिक, अमेरिका सीधे बातचीत करने के बजाय ओमान को मध्यस्थ बनाकर आगे कर रहा है। सांसद अहमद बख्शायेश अर्देस्तानी ने कहा कि प्रस्ताव के तहत होर्मुज स्ट्रेट का प्रबंधन ईरान के हाथ में होगा। वहां से गुजरने वाले जहाजों से माल की कीमत का 7% टैक्स लिया जाएगा, जिसमें 75% हिस्सा ईरान और 25% हिस्सा ओमान को मिलेगा। यह दावा ऐसे समय आया है जब होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा और समुद्री व्यापार पूरी दुनिया, खासकर भारत जैसे तेल आयातक देशों के लिए बेहद अहम मुद्दा बना हुआ है।

■ वर्ष-12 अंक-277 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 09 अगस्त, 2026

### सुभाषितानि

षड् दोषाः पुरूषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।
निंद्रा तंद्रा भयम् क्रोधः आलस्यम् दीर्घसूत्रता।।

**भावार्थ** : मानव विध्वंस का कारण 6 निष्कासन है। नींद, तंद्रा, भय, क्रोध, आलस्य और काम चुराने की आदत।

**आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः।**
**नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति।।**

**भावार्थ** : आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है और परिश्रम मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र है। मेहनती दोस्त कभी दुखी नहीं हो सकता।

## अभिलेखितवती, यत् अधुना सामाजिकमाध्यमेषु वायरल्

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

अभिलेखितवती, यत् अधुना सामाजिकमाध्यमेषु वायरल् अभवत्। स्थितिं वर्धमानं दृष्ट्वा ग्रामस्य सरपञ्चः पुलिसाधिकारिभ्यः सूचितवान्। सूचनां प्राप्य प्रायः पञ्चभिः स्टेशनक्षेत्रेभ्यः पुलिसदलानि घटनास्थले आगत्य महिलायाः तस्याः प्रेमिकायाः च उद्धारं कृतवन्तः। घटनायाः समये महिलायाः मातृश्वशुरकुटुम्बयोः मध्ये टकरावः उत्पन्नः; तथापि पुलिस हस्तक्षेपं कृत्वा द्वयोः परिवारयोः मध्ये चचार्याः मध्यस्थतां कृत्वा स्थितिं नियन्त्रयितुं समर्थः अभवत्। आरोपितविरुद्धं प्रकरणं पञ्जीकृतम् डीएसपी महेश सुनैया इत्यनेन उक्तं यत्, महिलायाः शिकायतया।

## सम्पादकीयम्

### अपरं तु यदा भवन्तः

अन्यत् कठिनं सत्यं भवति यत् दम्पत्योः शय्याकक्षे शरीरस्य प्रतिबिम्बस्य, प्रदर्शनस्य च विषये यत् अवाच्यः दबावः भवति। किञ्चित् बहिः उदरं, अव्यवस्थितकेशाः, श्रान्तं मुखं, तनावस्य कारणेन मनोदशायाः अभावः वा–एतानि सर्वाणि वस्तूनि व्यक्तिं स्वशरीरस्य विषये आत्मविवेकं कर्तुं शक्नुवन्ति यदा भवतः आत्मविश्वासस्य अभावः भवति तदा भवतः प्रेम्णः अभिव्यक्तिं कर्तुं पूर्णतया उद्घाटनं कर्तुं वा शयने पूर्णतया शारीरिकरूपेण नियोजितुं वा न शक्यते। अपरं तु यदा भवन्तः कार्यालयस्य कैबमध्ये वा गृहस्य अन्यस्मिन् कोणे वा उपविशन्ति तदा भवतः रूपस्य महत्त्वं नास्ति। भवन्तः शाक-करी-युक्तं टी-शर्टं धारयितुं शक्नुवन्ति, तथापि अद्यापि विश्वस्य सर्वाधिक-मोहक-रोमान्टिक-व्यक्तिः इव सन्देशान् टङ्कयन्ति। तस्मिन् अन्तरिक्षे केवलं भवतः कल्पना, भावाः च यात्रां कुर्वन्ति-न तु भवतः भौतिकशरीरम्। एवं भौतिकशरीरस्य बाधाभ्यः असुरक्षाभ्यः च मुक्तः सः कल्पनाङ्कुष्ठ भौतिकप्रेमस्य अभिव्यक्तिं दूरतरं प्रभावीरूपेण कर्तुं समर्थः भवति तथापि मुद्रायाः अन्यः पक्षः अस्ति– यः उपेक्षितुं न शक्यते। अस्मिन् अङ्गीयसिद्धेः साधने किं वयं सम्भवतः वास्तविकजगत् शारीरिकं मानसिकं च आत्मीयतां नष्टं कुर्मः? सन्देशद्वारा ऑनलाइन 'वन्यप्रेमी' भवितुं, केवलं शयने उपविष्टस्य क्षणे एव स्मार्टफोन-पर्दे स्क्रॉलं आरभ्य, आधुनिकसम्बन्धानां प्रमुखा विडम्बना अभवत् यद्यपि सेक्सटिङ्ग तथा डिजिटल रोमान्स्।

#### डीपीएल इत्यस्मिन् सुपर ओवर थ्रिलर

## आउटर दिल्ली वॉरियर्स् इत्यनेन नई दिल्ली टाइगर्स् इत्यस्य विरुद्धं यादगारं विजयः प्राप्तः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली



दिल्लीप्रीमियरलीग् (डीपीएल) २०२६ इत्यस्य प्रेक्षकाः मंगलवासरे सत्रस्य प्रथमं सुपर ओवरं दृष्टवन्तः। अरुणजेटली-क्रीडाङ्गणे रोमाञ्चकारी-स्पधार्यां आउटर-दिल्ली-वॉरियर्स्-क्लबः सुपर-ओवर-क्रीडायां नवी-दिल्ली-टाइगर्स्-क्लबं पराजय्य स्मरणीयं विजयं प्राप्तवान्। अन्तिम-कन्दुकस्य नाटकीय-रन-आउट्-अनन्तरं निर्धारितः १५-ओवर-क्रीडायाः समाप्तिः टाई-रूपेण अभवत्; तदनन्तरं सुपर ओवर-क्रीडायां वारियर्स्-क्लबः तारकीयं प्रदर्शनं कृत्वा मेलनं कृतवान्।

वषार्कारणात् प्रतिपक्षे १५ ओवरेषु मेलनं न्यूनीकृतम् आसीत्। प्रथमं बल्लेबाजीं कृत्वा नवीदिल्ली टाइगर्स्-क्लबः स्वस्य आवंटित-ओवर-मध्ये पञ्च-विकेट्-हाराय १५६ रनस्य स्कोरं कृतवान्। प्रथमषड् ओवराणां अनन्तरं द्वयोः कृते ३७ रनस्य स्कोरं कृत्वा दलस्य आरम्भः दुर्बलः अभवत्। अस्मिन् काले वषार्कारणात् क्रीडा किञ्चित्कालं यावत् स्थगितम् आसीत्।

वर्षाविलम्बस्य अनन्तरं कप्तानः हिम्मतसिंहः, लक्ष्यथरेजा च तेजस्वी बल्लेबाजीं कृत्वा पारीं स्थिरं कृतवन्तौ। तृतीयविकेटस्य कृते १०१ रनस्य महत्त्वपूर्णं साझेदारी एतयोः मध्ये अभवत्, येन दलं दृढस्थानं प्रति प्रेरितम्। कप्तानः हिम्मतसिंहः केवलं २५ कन्दुकयोः ६१ रनस्य विस्फोटकं ठोकनं कृतवान्, यत्र पञ्च षट्, चत्वारि चत्वारः च अभवन्। इत्थं च लक्ष्याथरेजा रचितपारीं क्रीडित्वा ४१ कन्दुकयोः ६२ रनस्य कृते अपराजितः अभवत्, येन दलस्य चुनौतीपूर्णं कुलं प्राप्तुं साहाय्यं कृतम्। सिद्धान्तशर्मा आउटर दिल्ली वारियर्स् इत्यस्य कृते स्टैण्डआउट् गेन्दबाजः आसीत्, सः स्वस्य त्रयः ओवरेषु २५ रनस्य कृते द्वौ विकेट् प्राप्तवान्।

१५७ रनस्य लक्ष्यं अनुसृत्य आउटर दिल्ली वारियर्स् इत्यस्य सन्तुलितप्रारम्भः अभवत्, परन्तु नवीदिल्ली टाइगर्स् इत्यस्य गेन्दबाजाः नियमितान्तरेण विकेट् गृहीत्वा मैचस्य पकडं कठिनं कृतवन्तः एकस्मिन् स्तरे वारियर्स् पञ्च विकेट् ८० रनस्य कृते संघर्षं कुर्वन् आसीत्, विपत्तौ च दृश्यते स्म।

अस्मिन् एव सन्दर्भे मोनूशुक्लः स्वस्य आक्रामकेन बल्लेबाजीं कृत्वा मेलस्य ज्वारं परिवर्तयति स्म। सः केवलं १७ कन्दुकेषु ४५ रनस्य फोडाकारपारीं क्रीडितवान्, आक्रामकबल्लेबाजीं कृत्वा दलं लक्ष्यस्य समीपे आनयत्। यद्यपि सः विजयस्य सुरक्षिततायाः पूर्वं बहिः गतः तथापि तस्य पारीभिः वारियर्स्-क्लबस्य आशाः जीविताः अभवन्। अन्तिम-ओवर-पर्यन्तं गतः, यत्र वारियर्स्-क्लबस्य विजयाय नव-धावनानाम् आवश्यकता आसीत्। शिवमशर्मा प्रथमे एव कन्दुकस्य चतुर्णां स्कोरं कृत्वा दलस्य आशां वर्धितवान्। सः अग्रिमे प्रसवात् एकं गृहीतवान्, तृतीयः कन्दुकः-नो-कन्दुकः-बल्लेबाजीदलाय मुक्त-प्रहारस्य लाभं दत्तवान्। मेलनं रोमाञ्चकारी पराकाष्ठां प्राप्तवान् आसीत्।

यदा एव वारियर्स् विजयाय क्रूज् करिष्यति इति भासते स्म तदा एव स्पर्धा अन्यं नाटकीयं मोडं गृहीतवती।

#### अस्याः शिकायतया आधारेण

## प्रकरणं पञ्जीकृत्य अन्वेषणं आरब्धम्

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

अस्याः शिकायतया आधारेण प्रकरणं पञ्जीकृत्य अन्वेषणं आरब्धम्। बैङ्क ऋणं सीसी सीमां च जाँच अभियुक्ताः विभिन्नसंस्थानां नामधेयेन बङ्केभ्यः व्यावसायिकऋणस्य, नकदऋणस्य (सीसी) सीमायाः च लाभं गृहीतवन्तः वा इति अपि पुलिस अन्वेषणं कुर्वती अस्ति। अन्वेषणसंस्थाः वित्तीयदस्तावेजानां, बैंकखातानां, लेनदेनस्य अभिलेखानां च जाँचं कुर्वन्ति येन धोखाधड़ीयां सम्बद्धा वास्तविकराशिः ज्ञातुं शक्यते तथा च सम्पूर्णवित्तीयजालस्य नक्शाङ्कनं भवति।

बहुराज्येषु आपराधिकप्रकरणाः पञ्जीकृताः पुलिसाधिकारिणां मते पवनचण्डकस्य तस्य पत्न्या च विरुद्धं न केवलं राजस्थाने अपितु उत्तरप्रदेश, तेलङ्गाना, तमिलनाडु इत्यादिषु राज्येषु अपि आर्थिकापराधैः धोखाधड़ीभिः च सम्बद्धाः प्रकरणाः पञ्जीकृताः सन्ति। एतेषां विविधराज्यानां पुलिसबलात् अपि अभियुक्तानां विषये सूचनाः एकत्रिताः सन्ति।

पुलिसः प्रमुखप्रकाशनस्य अपेक्षां करोति मुहानापुलिसस्य मतं यत् अभियुक्तानां प्रश्नोत्तरेण अन्येषां परिचयः ज्ञातुं शक्यते ये अस्य सम्पूर्णस्य जालस्य संचालने सहायतां कृतवन्तः। तत्सह, धोखाधड़ीयाः प्राप्तिः कुत्र निवेशिता, विदेशेषु पलायने केन सहायता कृता, अन्ये व्यक्तिः अस्मिन् गिरोहे सम्बद्धाः सन्ति वा इति निर्धारयितुं प्रयत्नाः प्रचलन्ति पीडितव्यापारिणां संख्या वर्धयितुं शक्नोति। अन्वेषणाधिकारिणः वदन्ति यत् यथा यथा प्रश्नोत्तरं प्रगच्छति तथा तथा अन्ये धोखाधड़ीप्रसङ्गाः प्रकाशं प्राप्नुवन्ति। अद्यापि बहवः व्यापारिणः अग्रे न आगताः अथवा विभिन्नेषु राज्येषु शिकायतां कृताः स्यात् इति शङ्का वर्तते। एतादृशानां सर्वेषां प्रकरणानाम् सम्बद्धतां कृत्वा सम्पूर्णस्य जालस्य अन्वेषणं क्रियते। सम्प्रति पुलिस आरोपिणः पवनचण्डकस्य गहनपरीक्षां कुर्वती अस्ति।

### राशिफल

**मेष** : आज खुद की परफॉरमेंस पर गौर फरमाने का समय है। आज की यह अवधि बाहरी दुनिया से वापसी की तरह लग सकती है।

**वृषभ** : स्ट्रगल का सामना करना पड़ सकता है कि क्या वर्तमान करियर पथ पर बने रहना है या कोई अलग रास्ता चुनना चाहिए।

**मिथुन** : आप क्या करना चाहते हैं इसके बारे में क्लियरिटी हासिल करने के लिए यह दिन अच्छा है।

**कर्क** : आज बेहतर विकास की संभावना है। आपकी महत्वाकांक्षा और कड़ी मेहनत पर ध्यान दिए जाने की संभावना है।

**सिंह** : पर्सनल जीवन के बीच बैलेंस बनाकर चलें। कपल्स के लिए जुड़ने और करियर और रिश्तों को मजबूत करने का समय है।

**कन्या** : आज अपनी स्किल्स दिखाने और प्रमोशन या नई डील पाने का एक सही मौका है।

**तुला** : कुछ व्यवसाय के मालिक स्ट्रेटेजिक रूप से चुनी गई पाट्र्नर्शिप के माध्यम से बेहतर रिजल्ट्स प्राप्त कर सकते हैं।

**वृश्चिक** : आज अपने आप को ऐसी स्थिति में डालने से सावधान रहें, आपके लॉंग टर्म लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद नहीं करता है।

**धनु** : आज आपकी वर्तमान स्थिति में लीडर की भूमिका में शामिल होने का एक शानदार मौका है।

**मकर** : आज आप फ्रीलांस अवसरों पर विचार कर सकते हैं, जो आपको अपनी स्किल्स का उपयोग करने में मदद करेंगे।

**कुंभ** : सोशल कनेक्शन और पर्सनल ग्रोथ से भरा हुआ है। आप नई स्किल्स हासिल करने या ऐसे प्रोजेक्ट्स शुरू करने के इच्छुक होंगे।

**मीन** : छोटी-मोटी परेशानियां आ सकती हैं। प्रोफेशनल जीवन उत्पादक रहेगा समृद्धि भी आपके दरवाजे पर दस्तक दे सकती है।

### ज्योतिष/वास्तु

## 12 और 28 अगस्त को लगेगा ग्रहण, जानें क्या होगा समय और भारत में कब देगा दिखाई

इस बार सूर्य और चंद्र ग्रहण का साया अगस्त माह में बना हुआ है। लेकिन सावल यह है कि, क्या यह दोनों ग्रहण भारत में प्रभावी होंगे ? आइए इसे विस्तार से जानते हैं।

साल की शुरूआत में फरवरी और मार्च में ग्रहण के साथ 2026 का आरंभ हुआ था। अब अगस्त में फिर दो अलग-अलग तिथियों पर सूर्य और चंद्र ग्रहण लगना कई बड़े बदलावों और महत्वपूर्ण संकेतों की ओर इशारा माना जा रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार, एक ही महीने में दो दिन का ग्रहण लगना एक महत्वपूर्ण घटना होती हैं, जिसका असर देश-दुनिया पर देखने को मिलता है। वहीं, ग्रहण न केवल एक खगोलीय घटना है, बल्कि इसे ऊर्जा परिवर्तन का समय भी माना जाता है। हालांकि, इन ग्रहणों का प्रभाव सभी देशों और क्षेत्रों पर अलग-अलग हो सकता है। ऐसे में सवाल यह है कि, अगस्त में लग रहे ये 2 ग्रहण क्या भारत में प्रभावी होंगे ? आइए इसे विस्तार से जानते हैं।



**कब लगेगा सूर्य ग्रहण–** इस बार 12 अगस्त 2026 को साल का आखिरी सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह ग्रहण 12 अगस्त की रात 9 बजकर 04 मिनट पर शुरू होगा और अगले दिन यानी 13 अगस्त की सुबह 4 बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा। ज्योतिषियों के अनुसार, यह पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा, लेकिन भारत में दिखाई नहीं देगा। इसी कारण इसका सूतक काल भी प्रभावी नहीं रहेगी। ज्योतिषियों के अनुसार, 12 अगस्त का पूर्ण सूर्य ग्रहण सबसे पहले उत्तरी रूस में दिखाई देगा। इसके बाद यह स्पेन ग्रीनलैंड, आइसलैंड और पुर्तगाल के उत्तर-पूर्वी हिस्सों से होकर गुजरेगा। वहीं, यूरोप के अधिकांश देशों, कनाडा, अमेरिका के उत्तरी भाग और उत्तर-पश्चिम अफ्रीका में आंशिक सूर्य ग्रहण देखा जा सकेगा।

**कब लगेगा चंद्र ग्रहण 2026–** ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, साल का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण 28 अगस्त 2026 को लगेगा। यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा, जो शनि की राशि कुंभ और शतभिषा नक्षत्र में घटित होगा। ग्रहण की शुरूआत 28 अगस्त को सुबह 6 बजकर 53 मिनट पर होगी और इसका समापन दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर होगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसी कारण इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा। वहीं, 28 अगस्त का आंशिक चंद्र ग्रहण अफ्रीका, यूरोप, उत्तर एवं दक्षिण अमेरिका तथा पश्चिमी एशिया के कई देशों में दिखाई देगा। वहीं भारत में ग्रहण दिखाई न देने के कारण इसका धार्मिक और ज्योतिषीय प्रभाव सामान्य रूप से मान्य नहीं माना जाएगा।

#### सीएम धामी बोले- हमारे राज्य का बेटा, हरसंभव मदद करेंगे, रात को ट्वीट करके मदद मांगी थी

## ऋषभ पंत को उत्तराखंड में जमीन दिलाएगी सरकार

ब्रह्मास्त्र ›› उत्तराखंड

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की उत्तराखंड में जमीन खरीदने की इच्छा अब पूरी हो सकती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंत की अपील पर जवाब देते हुए कहा कि वे उत्तराखंड के बेटे हैं और सरकार उन्हें हरसंभव मदद करेगी।

इससे पहले पंत ने शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर लिखा था कि वे पिछले तीन साल से जमीन खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक सफल नहीं हो सके।

पंत फाइनेंशियल ईयर 2025-26 के लिए उत्तराखंड में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले व्यक्ति हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने 23.84 करोड़ रुपए का इनकम टैक्स भरा था।

**सीएम धामी बोले- पंत ने राज्य का नाम रोशन किया–** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, जो भी उत्तराखंड आना चाहता है, उसका स्वागत है। पंत हमारे राज्य के हैं। उन्होंने क्रिकेट में देश और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। अधिकारी उनसे बात करेंगे और जरूरत पड़ी तो हरसंभव सहायता दी जाएगी।





**पंत ने सोशल मीडिया पर लगाई थी गुहार–** ऋषभ पंत ने पर लिखा था कि वे दिल्ली से उत्तराखंड शिफ्ट होकर अपने गृहराज्य में घर बनाना चाहते हैं, लेकिन तीन साल से जमीन नहीं मिल पा रही है। उन्होंने लिखा, हैलो सर, आप कैसे हैं? उत्तराखंड का होने के नाते मुझे बहुत समय हो गया है। मैं दिल्ली से उत्तराखंड शिफ्ट होने के लिए जमीन खरीदने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन मुझे नहीं मिल रही। मुझे अपना उत्तराखंड बहुत पसंद है। मेरी आपसे रिक्वेस्ट है कि प्लीज जमीन खरीदने में मेरी मदद करें। मैं अपने पहाड़ी लोगों के पास लौटना चाहता हूं। प्लीज इस मामले को देखें। 3 साल हो गए हैं, आपके जवाब का इंतजार है, कोई जमीन नहीं मिली।

**सरकार से जमीन खरीदना चाहता हूं–** अपनी पोस्ट पर कमेंट करते हुए पंत ने लिखा, इंटरनेशनल लेवल पर रिप्रेजेंट करने के लिए यह गिफ्ट बहुत अच्छा रहेगा। अगर आप इजाजत दें तो मैं राज्य सरकार से जमीन खरीदना चाहता हूं। सरकार के रेट पर कम से कम मैं अपने राज्य में अपना पहला घर बनवा सकता हूं। प्लीज हेल्प करें। सच में मुझे नहीं पता था कि यह कैसे करना है।

### रुड़की में हुआ जन्म, दिल्ली से शुरू किया प्रोफेशनल सफर

पंत का जन्म उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की में हुआ था। उन्होंने अपने क्रिकेट का सफर रुड़की से शुरू किया और प्रोफेशनली खेल को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली चले गए। वे घरेलू क्रिकेट में दिल्ली को रिप्रेजेंट करते हैं।

### 2027 आईपीएल में फिर दिल्ली कैपिटल्स से खेलेंगे



पंत ने आईपीएल में अब तक 139 मैचों में 3,865 रन बनाए हैं। पंत 2016 से 2024 तक 9 सीजन दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले। हालांकि, 2025 मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी के साथ मतभेद के बाद उन्हें रिलीज कर दिया गया था। इसके बाद वे 2025 और 2026 सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेले। अब 2027 सीजन में पंत एक बार फिर दिल्ली कैपिटल्स की जर्सी में नजर आएंगे।

## लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का निधन



ब्रह्मास्त्र ›› बार्लिसोना

अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। पिछले कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था।

मेसी के बचपन के क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज ने शनिवार को उनके निधन की पुष्टि की। क्लब ने शोक जताते हुए उन्हें मेसी के करियर की सबसे मजबूत ताकत बताया।

जॉर्ज सिर्फ मेसी के पिता नहीं थे। वे दो दशक से ज्यादा समय तक उनके एजेंट और सलाहकार भी रहे। बार्सिलोना, पीएसजी और इंटर मियामी जैसे बड़े क्लब ट्रांसफर में उनकी अहम भूमिका रही। न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज ने श्रद्धांजलि में क्लब का झंडा आधा झुका दिया। क्लब ने कहा, जॉर्ज और उनकी पत्नी सेलिया ने मेसी के हर सफर में साथ दिया। बचपन की ट्रेनिंग से लेकर वर्ल्ड फुटबॉल के टॉप तक पहुंचने में जॉर्ज का योगदान रहा। जून में मेसी परिवार ने बताया था कि जॉर्ज स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझ रहे हैं। वे डॉक्टरों की निगरानी में थे।

## गॉल टेस्ट के लिए भारत की स्पिन पर खास तैयारी





### गंभीर ने टूटी-फूटी पिच बनवाई, बल्लेबाजों को स्कूली स्पिनरों से प्रैक्टिस कराई

ब्रह्मास्त्र ›› गॉल

श्रीलंका के स्पिनिंग ट्रैक पर जीत की तैयारी में भारतीय टीम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। 15 अगस्त से गॉल में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले हेड कोच गौतम गंभीर ने कोलंबो में गॉल जैसी टूटी-फूटी पिच बनवाकर बल्लेबाजों को अभ्यास कराया। गंभीर का कहना है कि पहले टेस्ट की शुरूआत तक टीम हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार होगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम मैच शुरू होने से 11 दिन पहले (मंगलवार, 4 अगस्त) ही श्रीलंका पहुंच गई थी। कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट क्रिकेट क्लब में टीम अब तक दो बार करीब तीन-तीन घंटे के अभ्यास सत्र कर चुकी है। शुक्रवार से भारत रछउ क के खिलाफ तीन दिवसीय वॉर्म-अप मैच भी खेलेगा, जिससे खिलाड़ियों को स्थानीय परिस्थितियों में ढलने का मौका मिलेगा। अभ्यास सत्र के दौरान गंभीर ने कहा, 15 अगस्त की सुबह हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी, हमारे सामने आने वाले हर सवाल का जवाब हमारे पास तैयार होगा।

**गॉल जैसी पिच बनाने के लिए तैयार किया अलग विकेट–** गॉल की स्पिन और अनियमित उछाल वाली पिच को ध्यान में रखते हुए हेड कोच गौतम गंभीर और बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट क्रिकेट क्लब मैदान के एक हिस्से में 22 गज की अनक्यूरेटेड पिच तैयार करवाई। इस पिच पर घास, दरारें और ढीली मिट्टी जानबूझकर छोड़ी गई, ताकि बल्लेबाज गॉल टेस्ट के चौथे और पांचवें दिन जैसी टर्न और अनियमित उछाल वाली परिस्थितियों में पहले से अभ्यास कर सकें।

## खबर एक नजर...

### बदमाशों ने मोबाइल हैक कर खाते से निकाले 56 हजार

**उज्जैन।** साइबर फ्रॉड करने वाले बदमाशों द्वारा बिना ओटीपी, पिन मांगे लोगों के खाते से मोबाइल हैक कर रूपयों का ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। ऐसा ही मामला दवा बनाने की कंपनी में काम करने वाले अलंकार पिता अशोकसिंह निवासी महालक्ष्मी नगर देवासरोड के साथ हुआ। उसने ऑनलाइन साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला नागझिरी थाना पुलिस के पास पहुंचा। अलंकार ने पुलिस को बताया कि उसका मोबाइल 6 अगस्त की दोपहर अचानक हैक हो गया था, मोबाइल की स्क्रीन पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। करीब 2 घंटे तक मोबाइल हैक रहा फिर अचानक चालू हुआ। कुछ देर बाद बैंक खाते से 56 हजार 644 रुपए का ट्रांजेक्शन होने का मैसेज मिला। नागझिरी थाना पुलिस के अनुसार मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया गया है। खाते से हुये ट्रांजेक्शन को होल्ड करा दिया गया है। बैंक के माध्यम से जिस खाते में राशि गई है उसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### पत्नी ने लौटने से मना किया तो पति ने खाया जहर

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम लिम्बा पिपलिया में रहने वाले संजय पिता मुकेश डागर 38 साल ने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची। लेकिन हालत नाजुक होने पर बयान दर्ज नहीं हो पाये। प्रधान आरक्षक ओमर्प्रकाश मालवीय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि संजय ड्रायवरी करता है और शराब पीने का आदी है। पत्नी उसकी आदतों और आये दिन की मारपीट से प्रताड़ित होकर बच्चों के साथ मायके महू चली गई है। संजय उसे लेने गया था, लेकिन उसने आने से इंकार कर दिया। संभवतः इसी के चलते उसने जहरीला पदार्थ खाया है। बताया यह भी जा रहा है कि संजय ने पूर्व में नशे की हालत में अपने और भाई के घर में आग भी लगा दी थी।

### हफ्ता देने से मना किया तो भाईयों को मारे चाकू

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम चक भीतरी में रहने वाले 2 भाई लखन पिता चंदरसिंह चावड़ा 27 साल और जीवन चावड़ा 22 साल काल भैरव मंदिर के बाहर पानी की बोतल बेचने का काम करते है। बीती शाम दोनों भाईयों से क्षेत्र में रहने वाले 3 बदमाशों संदीप, अनिल और बंटी ने मंदिर के आसपास पानी बेचने पर प्रतिदिन हफ्ता देने की बात कही। दोनों भाईयों ने पैसे देने से मना किया तो बदमाशों ने लखन को चाकू मार दिये और जीवन के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने तीनों बदमाशों के खिलाफ हफ्ता वसूली, चाकू मारने और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। तीनों बदमाश की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### सौम्य मार्गदर्शिका का हुआ विमोचन

**उज्जैन।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के रीजन-8 की क्लब ऑफिसर मीट और स्कूलिंग नानाखेड़ा स्थित होटल विक्रमादित्य में संपन्न हुई। रीजन चेयरपर्सन लायन दिनेश राठौर के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में क्लब पदाधिकारियों को सेवा, संगठन और नेतृत्व का मंत्र दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। रीजन चेयरपर्सन दिनेश राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत पदों में नहीं, बल्कि सदस्यों के समर्पण और टीमवर्क में है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि ऐसा सेवा कार्य करना है जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों से सदस्यता वृद्धि, जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य, पर्यावरण और युवाओं से जुड़े प्रकल्पों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस अवसर पर मल्टीपल चेयरपर्सन एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ, सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय सक्सेना, भोपाल व इटारसी से आए प्रवक्ता लायन कमल भंडारी और लायन अनिल झा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सत्य साधना मौन ध्यान शिविर का तृतीय दिवस

**उज्जैन।** अनंताय रिसोर्ट, उज्जैन में जैनाचार्य श्रीपूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब के पावन सानिध्य में चल रहे दस दिवसीय पूर्ण आवासीय सत्य साधना मौन ध्यान शिविर के तृतीय दिवस लगभग 180 साधक-साधिकाएँ पूर्ण मौन एवं अनुशासित दिनचर्या के बीच आत्मनिरीक्षण की साधना में और अधिक गहराई की ओर अग्रसर हुए। देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं सामाजिक पृष्ठभूमियों से आए साधक दस दिनों के लिए परिवार, व्यापार-व्यवसाय, मोबाइल, इंटरनेट और बाह्य संपर्क-संवाद से विरत रहकर भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित आत्मानुभूति की साधना-पद्धति का प्रयोगात्मक अभ्यास कर रहे हैं। तीन दिनों के निरंतर मौन और साधना से संपूर्ण परिसर में एक विशिष्ट शांत, अंतमुर्खी एवं साधनामय वातावरण निर्मित हो गया है। तृतीय दिवस साधकों को संबोधित करते हुए श्रीपूज्य गुरुदेव ने कहा कि सत्य साधना में मन को जबरदस्ती रोकने, दबाने अथवा विचारों से संघर्ष करने का प्रयास नहीं किया जाता। मन जैसा है, उसे वैसा ही सजग होकर जानना इस साधना का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः मन या तो बीते हुए अनुभवों और स्मृतियों में विचरण करता रहता है अथवा भविष्य की कल्पनाओं में उलझा रहता है। सत्य साधना साधक को वर्तमान क्षण के प्रति सजग होना सिखाती है। अपनी स्वाभाविक आती-जाती श्वास को बिना बदले, बिना नियंत्रित किए केवल साक्षीभाव से देखते रहने का अभ्यास मन को वर्तमान में जागृत रहने की दिशा देता है।

---

#### मोहननगर में सात दिनों से सूने मकान में चोरी की वारदात

# परिवार गया था पैतृक गांव, चोरों ने तोड़ा घर का ताला

### चोरों ने 15 से 20 हजार रूपयों से भरा गुल्लक, 3 किलो चांदी के आभूषण चुराए

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर में चोरी की वारदातों का ग्राफ फिर से बढ़ता दिखाई देने लगा है। शनिवार को मोहननगर में सात दिनों से सूने मकान में हुई चोरी का मामला पुलिस ने दर्ज कर जांच में लिया है। परिवार पैतृक गांव गया था, लौटने पर वारदात का पता चला।

पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे पुष्पेन्द्र पिता इंदरसिंह राठौर का मकान मोहननगर में सरकारी स्कूल के पास बना हुआ है। 31 जुलाई को पत्नी ज्योति के साथ पैतृक गांव धानियाखेड़ी बदनवार कृषि कार्य के लिये गया था, 6 अगस्त को वापस लौटा और पोर्च का ताला खोलकर अंदर पहुंचा। मकान के गेट की कुंडी टूटी हुई थी। उसने दरवाजा खोला तो सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था, अलमारी खुली थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, डायल 112 मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि चोरों ने 15 से 20 हजार रूपयों से भरा गुल्लक, 3 किलो चांदी के आभूषण चोरी किये है। 7 अगस्त को पुलिस फिगंर प्रिंट टीम के साथ पहुंची, लेकिन साक्ष्य सामने नहीं आ पाये। पुष्पेन्द्र ने बताया कि बदमाश करीब 5 से 6 लाख का सामान चुराकर ले गये है। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। मोहननगर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। मकान सात दिनों से सूना था, फुटेज देखने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा।





#### कृष्णा परिसर में दिखे थे चार बदमाश

2 अगस्त को नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के कृष्णा परिसर में ममता सोनी के मकान में चोरी की वारदात सामने आई थी। ममता बच्चों के साथ जयपुर गई थी, चारों ने ताला तोड़कर 40 ग्राम सोने और 500 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर लिये थे। चारों ने आसपास के 2 अन्य मकानों के ताले भी तोड़े थे। वारदात सामने आने के बाद पुलिस ने कैमरों के फुटेज खंगाले थे। जिसमें चार बदमाश दिखाई दिये थे। यहीं नहीं चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में मंगलवार सुबह एलआईसी एजेंट अनिता पति श्रीजी के मकान का ताला भी टूटा मिला था। बदमाशों का यहां कुछ नहीं मिला था, सिर्फ जरूरी दस्तावेज गायब मिले थे।

#### चोरी हो चुकी हैं एक करोड़ के मोबाइल

माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज में 10-11 जुलाई की रात कार से आये चार बदमाशों ने 2 मोबाइल दुकानों का शटर उचकाया था और 1 करोड़ के मोबाइल चोरी कर लिये थे। पुलिस ने बदमाशों की कार ट्रेस करने का प्रयास किया था लेकिन नम्बर फर्जी होना पाया गया था। 13 जुलाई को नानाखेड़ा और नीलगंगा क्षेत्र से पटवारी और श्रद्धालु की कार बदमाशों ने चुरा ली थी। यहीं नहीं जून माह में बदमाशों ने दशहरा मैदान स्थित महेश्वरी एजेंसी से लाखों की सिगरेट चोरी कर ली थी। लगातार हो रही चोरी की वारदात में पुलिस के हाथ अब तक बदमाशों तक नहीं पहुंचे है।

---

#### गिरफ्त में 3 आरोपी, फरार साथियों की तलाश

# चोरी के बाद जंगल में छुपा दिये थे बिजली के तार

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

ट्रांसपोर्ट नगर में रात के समय 200 मीटर एल्युमिनियम 33 केवी. बिजली के तार चोरी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तार चोरी करने के बाद जंगल में छुपाकर रखे गये थे, जिसे पुलिस ने बरामद किया है। तीनों आरोपियों के 2 साथी फरार है, जिनकी तलाश जारी है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि महिदपुर एमपीईबी के जूनियर इंजीनियर अजय कुमार राही ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात के अंधेरे में कुछ बदमाश ट्रांसपोर्ट नगर से 33 केवी. एल्युमिनियम के तार करीब 200 मीटर चुराकर ले गये है, जिसकी कीमत 90 हजार के लगभग है। मामले में धारा 303(3) बीएनएस और धारा 3(2)(क) सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया था। बदमाशों की तलाश के दौरान चोरी में विनोद पिता लालूजी 30 साल, जितेन्द्र पिता रमेश 30 साल निवासी टांडा महिदपुर और समीर पिता मोहम्मद गनी 26 साल निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर के शामिल होने पर उन्हे गिरफ्तार किया गया। तीनों से पूछताछ में उन्होने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर जंगल में छुपाकर रखे एल्युमिनियम के तार बरामद कर लिये। थाना प्रभारी के अनुसार इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वारदात में किस वाहन का उपयोग किया गया है। आरोपियों में शामिल समीर किराये की आटो चलाने का काम करता है, संभवतः आटो का उपयोग चोरी में किये जाने जानकारी जुटाई जा रही है। शनिवार दोपहर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी होने पर जेल भेजा गया है। तीनों के फरार 2 साथियों के नाम भी सामने आये है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। मामले का खुलासा और आरोपियो को गिरफ्तार करने में एसआई सुखसेन अरियाम, एएसआई राधेलाल निनामा, प्रधान आरक्षक नारायणसिंह, आरक्षक लेखराज, राघव, मोसीम और टीम का सहयोग रहा।



# बाइक बरामद की तो मिला लापता स्कूल संचालक

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

स्वतंत्रता दिवस को लेकर जीआरपी द्वारा स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म पर सर्चिंग की जा रही है। सर्चिंग में माल गोदाम के पास से पिछले 15 दिनों से खड़ी आपचे बाइक क्रमांक एमएच 36 एपी 0992 को जप्त किया गया। नम्बर के आधार पर बाइक मालिक का पता लगाने के प्रयास किये गये तो सामने आया कि बाइक सुदर्शन बारई निवासी कांद्री मोहाड़ी जिला भंडारा महाराष्ट्र के नाम पर रजिस्ट्रर्ड है। पुलिस ने संपर्क करने का प्रयास किया, परिजनों ने बताया कि बाइक सहित पिछले डेढ़ माह से लापता है, जिसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई है।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि परिजनों से गुमशुदगी के दस्तावेज और फोटो मंगवाये गये। इसी बीच शुक्रवार रात बाइक मालिक सुदर्शन बारई अपनी बाइक तलाशता हुआ जीआरपी थाने पहुंचा। पुलिस के पास उसका फोटो होने पर पहचान लिया और पूछताछ शुरू की तो उसने बताया कि परिजनों से नाराज होकर वह बाइक लेकर घर से निकल गया था। एक माह से धार्मिक स्थलों के दर्शन कर रहा था, 15 दिन पहले उज्जैन पहुंचा था। उसकी बाइक खराब हो गई थी, जिसके चलते रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी कर दी थी। बाइक संधारण में 26 सौ रुपए का खर्च आ रहा था, पैसे नहीं होने पर वह मजदूरी कर पैसे जमा कर रहा था और रात में स्टेशन परिसर में ही सोता था। डेढ़ माह से लापता युवक के मिलने पर परिजनों को सूचना दी गई। शनिवार सुबह उज्जैन पहुंचे परिजनों ने बताया कि सुदर्शन ने बीएड किया और कांद्री मोहाड़ी स्कूल भी संचालित करता है। उसके सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने जीआरपी का आभार माना, उनका कहना था कि पत्नी और पूरा परिवार डेढ़ माह से परेशान था, सुदर्शन लापता होने से पहले अपना मोबाइल भी घर छोड़ आया था। जिसके चलते महाराष्ट्र पुलिस को भी उसकी लोकेशन नहीं मिल रही थी।

---

# पेंट चोरी के बाद टावेल में थाने पहुंचा श्रद्धालु

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

रामघाट पर शनिवार सुबह महाराष्ट्र के श्रद्धालु की पेंट चोरी हो गई। वह टावेल लपेटकर शिकायत दर्ज कराने महाकाल थाने पहुंचा। पुलिस ने मामले की जांच का आश्वासन दिया और बदमाश का पता लगाने की बात कहीं।

संभाजीनगर महाराष्ट्र से परिवार के 11 सदस्य धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आये थे। परिवार के सभी सदस्य सुबह रामघाट क्षिप्रा स्नान के लिये पहुंचे। परिवार में शामिल नारायण पिता मधुकर ने अपने कपड़े निकालने के बाद पुत्र समर्थ को दिये। पुत्र घाट पर ही पिता के कपड़े पास में रखकर बैठ गया। पिता आस्था की डूबकी लगाने चले गये। वापस आने पर पेंट गायब थी, पुत्र से पूछा तो वह कुछ बता नहीं पाया, उसका कहना था कि एक व्यक्ति मंदिर का पता पूछ रहा था उससे बात करने के दौरान ही पेंट गायब हुई है। श्रद्धालु नारायण ने टावेल लपेटने के बाद लोगों से पुलिस थाना संबंधित जानकारी ली और महाकाल थाने पहुंचे। जहां उन्होने बताया कि पेंट में मोबाइल, 4 हजार रुपए नगद और परिवार के आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज रखे थे। पुलिस ने शिकायती आवेदन पर मामला जांच में लिया है। रामघाट पर श्रद्धालुओं के साथ पूर्व में भी कपड़े, बेग चोरी के मामले सामने आ चुके है, लेकिन कुछ मामलों में ही बदमाशों का पकड़ा गया है, अधिकांश मामले में श्रद्धालुओं का बेरंग ही लौटना पड़ता है। श्रद्धालुओं के साथ मोक्षदायिनी क्षिप्रा के घाटों पर होने वाली वारदात पुलिस के लिये चुनौती बनी हुई है।

#### श्रद्धालुओं की भीड़ बनाकर रस्सा घेरा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कराई

# दूसरी सवारी में पालकी को सुरक्षित रखने की रिहर्सल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सावन माह में सोमवार को दूसरी बार बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेगें। इससे पहले बाबा की पालकी को सुरक्षित रखने की रिहर्सल शनिवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर की गई। रिहर्सल का लाइव सवारी का रूप दिया गया था।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में सावन-भादौ महोत्सव का काफी महत्व है। बाबा महाकाल प्रत्येक सोमवार भक्तों का दर्शन देने के लिये नगर भ्रमण करते है। 10 अगस्त सोमवार को बाबा महाकाल की दूसरी सवारी निकाली जायेगी। इस दौरान महाकाल की पालकी की सुरक्षा को लेकर रस्सा पार्टी ने लाइव रिहर्सल की, जिसमें पुलिसकर्मियों को ही श्रद्धालुओं की भीड़ बनाकर रस्सा घेरा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कराई गई। दूसरी ओर पुलिस जवानों ने मोर्चा संभालते हुए पालकी के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाए रखा। अभ्यास में भीड़ अचानक बढ़ने, दबाव बनने, लोगों के रस्सा घेरे में घुसने और पालकी के आसपास भीड़ जमा होने जैसी परिस्थितियां बनाई गई। पुलिसकर्मियों ने इन हालात में भीड़ को रोकने, दबाव को अलग-अलग हिस्सों में बांटने और पालकी को सुरक्षित आगे निकालने का अभ्यास किया।



#### तीन लेयर में होगी पालकी की सुरक्षा

दूसरी सवारी के दौरान पालकी की सुरक्षा को लेकर किये गये अभ्यास में सामने आया कि सुरक्षा को लेकर तीन लेयर का घेरा होगा। जिसमें रस्सा पार्टी के साथ बाहरी लेयर में अपूर्वा जिम के वॉलंटियर्स का सहयोग लिया जायेगा। पालकी के आगे क्लीयरेंस पार्टी तैनात रही, जबकि दोनों तरफ और पीछे भी पुलिसकर्मियों को निर्धारित पोजिशन पर लगाया जायेगा। ताकि भीड़ को पूरी तरह से नियंत्रण में रखा जा सके। रिहर्सल के दौरान सामान्य भीड़ ही नहीं अचानक बढ़ने वाली भीड़ के दबाव को कम करने का अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों की स्थिति, आपसी दूरी, रस्से की पकड़ और एक-दूसरे के तालमेल को परखा गया। जरूरत पड़ने पर बाहरी लेयर से अतिरिक्त बल मुख्य रस्सा पार्टी तक कैसे पहुंचेगा, इसका भी अभ्यास हुआ।

#### रिहर्सल को ड्रोन कैमरे में किया कैद

परेड ग्राउंड पर की गई रिहर्सल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के साथ ड्रोन से रिकॉर्डिंग कराई गई। इससे पुलिस अधिकारी ऊपर से पूरी सुरक्षा व्यवस्था, जवानों की मूवमेंट और लेयरिंग का आकंलन करेंगे। रिहर्सल के बाद एएसपी शहरआलोक शर्मा ने रस्सा पार्टी के जवानों को ब्रीफ किया। उन्हें सवारी के दौरान पालकी की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, निर्धारित पोजिशन नहीं छोड़ने और किसी भी आकस्मिक स्थिति में बिना घबराए तत्काल समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

---

# गाड़ी और बच्चे लेकर भागने लगा, युवक पकड़ाया

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

दिनदहाड़े बच्चा और एक्टिवा चुराकर भाग रहे युवक को लोगों की मदद से पीछा कर यातायात एसआई ने पकड़ लिया। युवक को महाकाल थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। जहां युवक से पूछताछ की जा रही है।

यातायात एसआई लखन गौड़ ने बताया कि शनिवार दोपहर शंकराचार्य चौराहा पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। तभी खबर मिली कि युवक बच्चा और एक्टिवा लेकर भाग रहा है। उन्होने युवक को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं रूका, जिसे पकड़ने के लिये लोगों की मदद से पीछा शुरू किया और मुल्लापुरा क्षेत्र में उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। 7-8 वर्षीय बालक प्रिंस पिता अजय माली को छुड़ाया गया और एक्टिवा जप्त की गई। बालक के पिता भी पीछा करते हुये मुल्लापुरा तक आ गये थे। उन्होने बताया कि कार्तिक मेला ग्राउंड के पास माली कैफे संचालित करते है। दोपहर में कैफे पर पुत्र के साथ आये थे। एक्टिवा में चाबी लगी थी और पुत्र बैठा था। बताया यह भी जा रहा था कि एक्टिवा और बच्चा चुराकर भागने वाले ने चाय भी मांगी थी। एसआई गौड़ के अनुसार पकड़े गये युवक से पूछताछ में उसका नाम सोनू चौधरी पता चला, वह हरसिद्धी मंदिर के पास फूल-प्रसाद की दुकान पर काम करता है। युवक को महाकाल थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। मामले में थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में युवक मानसिक रूप से कमजोर दिखाई दे रहा है। देर शाम तक मामले की शिकायत दर्ज कराने बच्चे के पिता थाने नहीं आये थे। उन्हे मौके पर बच्चा और गाड़ी मिल गई थी। बावजूद युवक से पूछताछ कर उसके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com